वैशाख माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 111, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 17 मई 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# ज्ञानवापी मस्जिद के वजूखाने में मिला शिवलिंग

## वाराणसी ज्ञानवापी मामला: अन्तिम दिन सर्वे में मिला शिवलिंग,अदालत ने शिवलिंग की जगह को सील करने का दिया निर्देश





**वाराणसी:** ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में न्यायालय के आदेश पर तीसरे और अन्तिम दिन सोमवार को ज्ञानवापी मस्जिद में कमीशन (सर्वे) की कार्यवाही का दौरान शिवलिंग और अन्य साक्ष्य मिला। यह देख वादी पक्ष के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने तुरंत वाराणसी कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय में प्रार्थनापत्र के जरिये बताया गया कि सर्वे में मस्जिद परिसर में शिवलिंग मिला है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण साक्ष्य हैं। सीआरपीएफ कमांडेंट को उस जगह को सील करने का आदेश देने की मांग की गई। इस पर सीनियर डिवीजन के न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने तुरंत जिलाधिकारी को उस जगह को सील करने का आदेश दिया है। अदालत ने आदेश दिया है 'जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी को आदेशित किया जाता है कि जिस स्थान पर शिवलिंग प्राप्त हुआ है उस स्थान को



तत्काल प्रभाव से सील कर दें। सील किए गए स्थान पर किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित किया जाता है। जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी पुलिस कमिश्नर पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी तथा सीआरपीएफ कमांडेंट वाराणसी को आदेशित किया जाता है कि इस स्थान को सील किया जाए। उस स्थान को संरक्षित व सुरक्षित रखने की पूर्णता व्यक्तिगत जिम्मेदारी उपरोक्त समस्त अधिकारियों की व्यक्तिगत रूप से मानी जाएगी। उपरोक्त आदेश को सील करने के बाबत निरीक्षण प्रशासन द्वारा क्या-क्या किया गया है। इसके सुपर विजन की जिम्मेदारी पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ तथा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ की होगी। वाद लिपिक को आदेशित किया जाता है कि अविलंब इसकी आदेश की प्रति संबंधित अधिकारीगण को नियमानुसार प्रेषित कर सुनिश्चित करें। यह आदेश रवि कुमार दिवाकर सिविल जज सीनियर डिविजन वाराणसी की ओर से जारी किया गया है।' उल्लेखनीय है कि तीसरे दिन के सर्वे के बाद वादी पक्ष के पैरोकार सोहनलाल आर्य ने ज्ञानवापी मस्जिद से बाहर निकलने के बाद हाथों से विजय का इशारा करते हुए कहा कि 'नंदी जिसका इंतजार कर रहे थे वह बाबा मिल गए'। इतिहास कालखंड में जो भी लिखा था वह मिल गया है। उन्होंने कबीर दास के दोहे 'जिन खोजा तिन पाइयां, गहरे पानी पैठ' का उल्लेखकर कहा कि समझिए, जो कुछ खोजा जा रहा था, उससे कहीं अधिक मिला है। उन्होंने दावा किया कि गुंबद, दीवार और फर्श के सर्वे के दौरान कई साक्ष्य दबे दिखे। उधर,मस्जिद पक्ष के अधिवक्ताओं अभयनाथ यादव और मुमताज अहमद ने वादी पक्ष के सोहन लाल आर्य के दावे को नकार दिया और दो टूक कहा कि सर्वे में अंदर कुछ भी नहीं मिला है। सोहनलाल आर्य के दावे पर जिलाधिकारी कौशलराज शर्मा ने कहा कि अगर किसी ने कोई बात कही है या किसी बात का दावा किया है तो यह उनकी व्यक्तिगत राय है। ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी मामले में कोर्ट कमिश्नर द्वारा रिपोर्ट पेश करने के बाद कोई भी बात अदालत के द्वारा ही बताया जाएगा। किसी की बात पर कोई ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। इसके पहले सर्वे टीम चौक थाने से कड़ी सुरक्षा के बीच ज्ञानवापी मस्जिद के लिए रवाना हुई। मस्जिद परिसर में प्रवेश के पूर्व सभी सदस्यों के मोबाइल फोन जमा करा लिया गया।

**किसी भी व्यक्ति का प्रवेश वर्जित**

वादी पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता हरिशंकर जैन ने कोर्ट में आवेदन देकर कहा कि सोमवार को सर्वे के दौरान शिवलिंग मस्जिद कॉम्पलेक्स में पाया गया। यह महत्वपूर्ण साक्ष्य है। ऐसे में सीआरपीएफ कमांडेंट को आदेशित किया जाए कि वह इसे सील कर दें। जिलाधिकारी वाराणसी को आदेशित किया जाए कि वहां मुसलमानों का प्रवेश वर्जित कर दें। मात्र 20 मुसलमानों को नमाज अदा करने की इजाजत दी जाए और उन्हें वजू करने से भी तत्काल रोक दिया जाए।

अदालत ने इसी आवेदन पर लगभग साढ़े 12 बजे सुनवाई की।

### तहखाना नहीं...वो मंदिर मंडपम है

**हिंदू** पक्ष का दावा है कि नंदी महाराज के सामने जो तहखाना है, उसी में अंदर मस्जिद के बीचों-बीच आज भी शिवलिंग दबा है। इस विशालकाय शिवलिंग का रंग हरा है। वहीं अरघा भी काफी बड़ा है। विश्वनाथ मंदिर के पूर्व महंत डॉ. कुलपति तिवारी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ज्ञानवापी मस्जिद में जिसे तहखाना कहा जा रहा है वह असलियत में मंदिर मंडपम है। आगे कहा कि जो लोग भी ज्ञानवापी में तहखानों की बात कर रहे हैं, वे सभी मंडपम हैं। इन्हें तहखाना के बजाय मंडपम कहें तो बेहतर होगा।

### वादी और हिंदू पक्ष के दावे को मिला बल

इधर, कोर्ट से नियुक्त विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि जो वस्तुस्थिति पाई गई है, वही रिपोर्ट में दिखाया जाएगा। न तो किसी के पक्ष में साक्ष्य बढ़ाया जाएगा और न ही घटाया जाएगा। बताया कि सर्वे के दौरान दोनों पक्षों ने शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में सहयोग प्रदान किया। सर्वे टीम में शामिल एक सदस्य ने बताया कि परिसर के एक हिस्से में जमा पानी को निकलवाया गया। सफाई के बाद पत्थर के नीचे दबा एक शिवलिंग मिला। भूतल से इस शिवलिंग की ऊंचाई लगभग 20 फुट बताई जा रही है। उस स्थान को मुस्लिम पक्ष फव्वारा बता रहा है। यह वही स्थान है जहां वजू किया जाता है। काफी दुर्व्यस्था और दुर्दशा के बीच यह शिवलिंग मिला है। इस शिवलिंग के मिलने से वादी और हिंदू पक्ष के दावे को बल मिला है। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता सुधीर त्रिपाठी ने कहा कि शिवलिंग नंदी महराज के ठीक सामने मिला।

हमलोगों ने इस स्थान को सील करने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया। जिस पर कोर्ट ने उसे सील करने का आदेश दिया। डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि पूर्व में शिवलिंग का आकार परिवर्तित करने का प्रयास किया गया था। नंदी के ठीक सामने शिवलिंग मिला है ऐसे में पुरातात्विक सर्वेक्षण की मांग को बल मिला है। बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि ऑर्किलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से रिपोर्ट की पुष्टि के लिए जांच आवश्यक हो गई है। ज्ञानवापी परिसर में जहां सफेदी लगाई गई है और जहां फव्वारा होने की बात कही जा रही है वो चारों तरफ से बंद है। सबकी जांच पुरातत्विक सर्वेक्षण से कराना आवश्यक है। सर्वे रिपोर्ट की स्पष्ट आख्या कोर्ट मंगवाए।

### 'अभिव्यक्ति की आजादी के चैंपियन ही बन बैठे बड़ा खतरा'

**नई दिल्ली:** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को विपक्षी दलों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभिव्यक्ति की आजादी के मांग के चैंपियन रहे राजनीतिक दल ही आज इसके और बहुलता के लिए असली खतरा बन बैठे हैं। प्रधान ने कहा कि इनमें महाविकास अघाड़ी से लेकर आप और तृणमूल तक सभी विपक्षी दलों के नेता शामिल हैं। इन दलों के राजनीतिक अभिनेताओं ने आलोचना करने वालों और तुच्छ सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ तेजी से कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे: मोदी

**काठमांडू:** लुंबिनी में बुद्ध जयंती कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था, वहां की ऊर्जा एक अलग ही एहसास देती है। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि 2014 में इस स्थान के लिए मैंने जो महाबोधि पौधा उपहार में दिया था, वह अब एक पेड़ के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले मुझे मायादेवी मंदिर में दर्शन का जो अवसर मुझे मिला, वो मेरे लिए अविस्मरणीय है। वो जगह जहां स्वयं भगवान बुद्ध ने जन्म लिया हो, वहां की ऊर्जा और चेतना ये




एक अलग ही एहसास है। नेपाल मंदिरों और मठों का देश है और यहां के लोग भी राम मंदिर बनने से खुश है। उन्होंने कहा कि जनकपुर में मैंने कहा था कि नेपाल के बिना हमारे राम भी अधूरे हैं। मुझे पता है कि आज जब भारत में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है, तो नेपाल के लोग भी उतने ही खुश हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल यानि दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत सागरमाथा का देश, नेपाल यानि दुनिया के अनेक पवित्र तीर्थों, मंदिरों और मठों का देश, नेपाल यानि दुनिया की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति को सहेज कर रखने वाला देश। उन्होंने कहा कि बुद्ध मानवता के सामूहिक बोध का अवतरण हैं। बुद्ध बोध भी हैं, और बुद्ध शोध भी हैं। बुद्ध विचार भी हैं और बुद्ध संस्कार भी हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के साथ मेरा एक और संबंध भी है, जिसमें अद्भुद संयोग भी है और जो बहुत सुखद भी है।

## आदिवासियों का इतिहास दबा रही बीजेपी: राहुल गांधी

**बेणेश्वर/जयपुर:** राहुल गांधी ने पीएम मोदी और बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी आदिवासियों को दबाने कुचलने का काम करती है। दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ कांग्रेस पार्टी है जो कहती है सबकी रक्षा करनी है, सबको जोड़कर चलना है। दूसरी तरफ बीजेपी है, बांटने का काम करती है, दबाने कुचलने का काम करती है। बीजेपी दो हिंदुस्तान बनाना चाहती है।? एक हिंदुस्तान अमीरों- उद्योगपतियों का और



दूसरा गरीब आदिवासियों का। हम एक ही हिंदुस्तान के पक्ष में है। उदयपुर में तीन दिन के चिंतन शिविर में पार्टी में बदलावों का फैसला करने के बाद राहुल गांधी सोमवार को बेणेश्वर धाम में सभा संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा- 'आदिवासियों और कांग्रेस पार्टी का गहरा रिश्ता है। आपके इतिहास की हम रक्षा करते हैं।

## द कश्मीर फाइल्स ने देश में पैदा की नफरत: अब्दुल्ला

**जम्मू:** जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि गुपकार गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात कर कश्मीर पंडितों की सुरक्षा और अन्य प्रदेश के मुद्दों को उनके सामने उजागर किया है। उनका मकसद मिलने का यह था कि उपराज्यपाल को बताया जाए कि प्रदेश में अमन और कानून की स्थिति खराब है और पर्यटकों का आना अमन नहीं है। हर रोज लोग मारे जा रहे हैं। इस पर काबू पाया



जाना चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने बताया कि उन्होंने एलजी मनोज सिन्हा के सामने फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने पूरे देश में नफरत पैदा की है। प्रदेश में भी इस फिल्म के चलते लोगों के बीच नफरत की भावना बढ़ी है। ऐसी फिल्मों को बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई मीडिया संस्थान भी हिंदू-मुस्लिम के बीच लगातार नफरत फैला रहे हैं। ऐसे मीडिया चैनलों को बंद किया जाना चाहिए।

### यूपी : पुनिया या कृष्णम हो सकते हैं कांग्रेस के अगले प्रदेश अध्यक्ष

**लखनऊ:** बदलाव होंगे। चिंतन के निष्कर्षों के तहत 'अनुभव' को कमान और युवाओं को बढ़-चढ़कर जिम्मेदारी देने का काम किया जाएगा। पीएल पुनिया या प्रमोद कृष्णम को अगला प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की प्रबल संभावना है। इसके अलावा चार कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाएंगे, जिन्हें अलग-अलग जोनों की जिम्मेदारी दी जाएगी। चिंतन शिविर में 50 साल से कम उम्र के लोगों को ज्यादा प्रतिनिधित्व देने के साथ ही पार्टी में दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को 50 फीसदी आरक्षण दिए।

## फैसला: बायोलॉजिकल ई ने घटाई कोबेवैंक्स वैक्सीन की कीमत

**नई दिल्ली:** भारत की दवा फर्म बायोलॉजिकल ई लिमिटेड (बीई) ने सोमवार को अपनी कॉबेवैंक्स वैक्सीन की कीमतें घटाने का एलान किया। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि उसने कॉबेवैंक्स के दाम 840 रुपये से घटाकर 250 रुपये कर दिए हैं। इस कीमत में जीएसटी भी शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके चलते अंतिम उपयोगकताओं को टैक्स और टीका लगाने के शुल्क समेत प्रति खुराक 400 रुपये का भुगतान करना होगा। इससे पहले निजी टीकाकरण केंद्रों में टीके के अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए कुल कीमत 990 रुपये प्रति खुराक थी।




इस साल मार्च में जब देश में कोविड-19 से बचाव के लिए 12 से 14 साल के बच्चों का टीकाकरण शुरू हुआ, तो कॉबेवैंक्स वैक्सीन का इस्तेमाल किया गया और सरकारी टीकाकरण कार्यक्रम के लिए इसकी कीमत 145 रुपये तय की गई। बायोलॉजिकल ई के मुताबिक, उसने अपनी दवा की कीमतें इसे आम लोगों के लिए और वहनीय बनाने और इसकी पहुंच ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक बनाने के लिए कम की हैं। इससे वायरस के खिलाफ और प्रभावी ढंग से लड़ाई लड़ी जा सकेगी।

**सीरम इंस्टीट्यूट पहले ही घटा चुका है कोवोवैक्स की कीमतें:** इससे पहले मई की शुरूआत में ही 12-17 वर्ष की आयु के बच्चों के कोविड-19 टीकाकरण के लिए मंजूर हुई कोवोवैक्स की कीमतें सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने घटा ली थीं।

एसआईआई ने हर खुराक की कीमत 900 रुपये से घटाकर 225 रुपये कर दी है। हालांकि, इसमें टैक्स शामिल नहीं किया गया।

## पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप में लगेंगे युवा अफसर

### आतंकी-माओवादी जोन में बढ़ाई ग्राउंड कमांडरों की आयु सीमा

**नई दिल्ली:** सीआरपीएफ में एक ऐसा आदेश जारी हुआ है, जो ग्राउंड कमांडर यानी सहायक कमांडेंट (एसी) और डिप्टी कमांडेंट (डीसी) के गले नहीं उतर रहा है। देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल में अधिकांश ऑपरेशनों की कमान 'एसी' संभालता है। कई जगहों पर डीसी या टूआईसी भी ऑपरेशन के दौरान साथ रहते हैं। ये अधिकारी ऑपरेशन को भी लीड करते हैं। आदेश में कहा गया है कि अब पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) में सीआरपीएफ के युवा अफसर तैनात रहेंगे, जबकि आतंकी व माओवादी जोन में ग्राउंड कमांडरों की आयु



सीमा बढ़ा दी गई है। हैरानी की बात तो ये है कि कोबरा जैसी विशेष प्रशिक्षित इकाई, जिसमें तैनात जवान और अधिकारी जंगल वॉरफेयर के एक्सपर्ट होते हैं, उनकी आयु सीमा भी पीडीजी के मुकाबले अधिक कर दी गई है। सीआरपीएफ के पूर्व एडीजी एसएस संधू ने कहा कि कोबरा, आतंकी, माओवादी इलाके व स्पेशल ऑपरेशन जोन (एसओजेड) की जोखिम भरी परिस्थितियों में विशेषकर, युवा अफसरों की जरूरत होती है।

**कोबरा में एसी की आयु सीमा 40 तो पीडीजी व एसडीजी में 38 साल:** कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) उग्रवादियों एवं विद्रोहियों से निपटने के लिए गुरिल्ला व जंगल युद्ध जैसे ऑपरेशनों में दृढ़तापूर्वक कार्रवाई के लिए गठित एक विशेष बल है। 'जंगल के योद्धा' के रूप में प्रसिद्ध इन विशेष जवानों का चयन सीआरपीएफ के जवानों में से किया जाता है।

## बंगाल की खाड़ी पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली: देशभर** में जारी गर्मी के सितम के बीच मानसून ने बंगाल की खाड़ी में दस्तक दी है। अंडमान निकोबार और पश्चिम बंगाल में इसका असर देखने को मिला है।

मौसम विभाग ने जल्द ही मानसून के केरल पहुंचने की उम्मीद जताई है। मौसम विभाग ने इसी सप्ताह उत्तराखंड, मेघालय, असम और केरल में बारिश का अनुमान जताया है। इधर, राजधानी दिल्ली में रविवार को चिलचिलाती गर्मी और भीषण लू के बीच कई इलाकों का तापमान 49.2 रिकॉर्ड दर्ज हुआ। देश के किसी भी शहर के



मुकाबले, इस साल यह सबसे ज्यादा तापमान है। इधर, वढ के बांदा में भी रविवार को तापमान 49 डिग्री दर्ज किया गया। हालांकि, दिल्ली में आज सुबह से ही मौसम ने करवट बदल ली है। राजधानी दिल्ली और ठउफ में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, आज राजधानी और आसपास के इलाकों में तेज हवाओं के साथ आंधी और बारिश हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### लाहुरपार रेल क्रासिंग के पास ट्रेन की टक्कर से वृद्ध व्यक्ति की मौत

**प्रयागराज।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के बमरौली चौकी अंतर्गत लाहुरपार रेलवे क्रासिंग के नजदीक ट्रेन की टक्कर से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। वृद्ध व्यक्ति की मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया रोते - बिलखते हुए परिजन घटनास्थल पर जा पहुंचे। सूचना पाकर बमरौली चौकी इंचार्ज शिव प्रताप सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा रिपोर्ट भरकर लाश पोस्टमार्टम हाउस के लिए भेज दिया मिली जानकारी के अनुसार मंदर गांव निवासी अशोक कुमार उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र स्व बाबूलाल सोमवार की सुबह शौचक्रिया के लिए रेलवे ट्रैक की तरफ गए थे। रेलवे ट्रैक पार करते समय अचानक ट्रेन आ गई और टक्कर लग जाने के कारण वृद्ध व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

# ट्यूबेल पर सोए बुजुर्ग की गोली मार कर हत्या

अखंड भारत संदेश

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के सुजौना ग्राम पंचायत के पूरेकिन्नर गांव में नलकूप पर सो रहे बुजुर्ग किसान की रविवार की रात गोलीमार कर हत्या कर दी गई ।सोमवार की सुबह परिजन नलकूप पर पहुंचे तो घटना की जानकारी हुई ।परिजनों की सूचना पर स्थानीय पुलिस के साथ सीओ बारा,एसपी यमुनापार सहित डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची और जांच की।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

लालापुर थाना क्षेत्र के पूरेकिन्नर गांव निवासी सुरेश चंद्र द्विवेदी उर्फ साधू (75)रोज की तरह गांव के बाहर खेत में स्थित निजी ट्यूबेल पर रविवार की रात भी सोने गए थे।देर रात सुरेश चंद्र को सोते समय ही सीने में गोलीमार दी गई गई ।जिससे सुरेश की मौत हो गई । सोमवार की सुबह जब घर के लोग ट्यूबेल पर पहुंचे तो घटना देख दंग रह गए । सूचना गांव पहुंची तो अन्य परिजनों के साथ ग्रामीणों की भीड़ मौके पर लग गई।हत्या की सूचना पुलिस को हुई तो पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया।मौके पर एसओ लालापुर शेर सिंह यादव अपने हमराहियों के साथ पहुचे,तब तक सीओ बारा विमल किशोर मिश्र व एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित के साथ डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंच गयी और जांच पड़ताल किया।



घटनास्थल पर पड़ा शव व मौजूद पुलिस



घटनास्थल पर जानकारी लेते एसपी यमुनापार

मृतक सुरेश चंद्र द्विवेदी के परिजनों की तहरीर पर परिवार के ही उमापति,ललित व बृजकिशोर के खिलाफ लालापुर थाना में मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ़्तार किया जा चुका है और उनसे पूंछतांछ की जा रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

**एसपी यमुनापार - सौरभ दीक्षित**

## मृतक छोटे भाई की दो बेवा पत्नी की जमीन को लेकर कई बार हो चुका था विवाद, घटना की वजह भी यही होने की आशंका

**लालापुर।** के पूरेकिन्नर गांव में रविवार की रात गोली मारकर हुई सुरेश चंद्र द्विवेदी की हत्या का मुख्य कारण सुरेश चंद्र द्विवेदी के स्व छोटे भाई राजदेव की दो पत्नियों कलावती व रोली का सुरेश चंद्र के साथ रहने की बात बताई जा रही । बताया यह जा रहा है कि सुरेश के भाई राजदेव द्विवेदी विगत दिसम्बर माह में मौत हो गई थी । राजदेव की दो पत्नियां कलावती व रोली इस बीच अपनी जमीन के साथ सुरेश के परिवार के साथ रहने लगी थी । इसी जमीन के चलते आरोपी भतीजों के बीच आये दिन विवाद होता था अभी तीन दिन पहले भी दोनो पक्षों में झड़प हुई थी ।जिसमे आरोपियों ने सुरेश को जान से मारने की धमकी दी थी।

### अलग अलग वाद संख्या के दो वारन्टी गिरफ्तार

**थरवई।** वारंटियों की धरपकड़ अभियान में जनपद प्रयागराज थाना थरवई की पुलिस ने आज दो वारंटियों को क्षेत्र से गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुशार पकड़े गये दोनों ब्यक्ति अलग अलग अपराध मुकदमे से जुड़े है उनके खिलाफ आगे की विधिक कार्यवाही की गई। एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जिले में कानून शान्ति ब्यवस्था बनाये रखने तथा अपराध पर नियंत्रण हेतु अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत थानाध्यक्ष महेश कुमार मिश्र एवं उनकी पुलिस को दो वारंटियों को पकड़ने में सफलता मिली है एसओ के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक सोहराब द्वारा वारन्टी वाद संख्या 1092/06 धारा323/504 आईपीसी एससी एसटी एक्ट न्यायालय एसीजेएम 05 इलाहाबाद से सम्बन्धित विद्या प्रकाश पुत्र गुरुचरन निवासी ग्राम कोड़सर थाना थरवई जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया इसी क्रम में आज ही थानाध्यक्ष द्वारा गठित टीम का नेतृत्व कर रहे उप निरीक्षक चन्दन सरोज ने हेड कांस्टेबल राजेश कुमार कास्टेबल नफीस अहमद की मदत से वाद संख्या 1256/07 धारा 323/504/506/ 427 भादवी न्यायालय एसीजेएम05 इलाहाबाद से सम्बन्धित वारन्टी को गिरफ्तार कर आगे की पुलिस कार्यवाही किया।प्रेस नोट के अनुसार वारन्टी धमेन्द्र कुमार कुशवाहा पुत्र रामलखन ग्राम गारापुर थाना थरवई प्रयागराज का निवासी है।

# अमृत सरोवर के लिए किया गया भूमि पूजन



अखंड भारत संदेश

**सोरांव।** जहां एक तरफ सरकार पानी को लेकर गर्मियों में जल के साधन और संसाधन को लेकर ज्यादा सतर्क हो जाती है। ताकि जीव जंतुओं के साथ ही साथ मानव जीवन पर भी कोई समस्या न हो। वहीं भारत सरकार की योजना है कि कुछ गांव में मानसरोवर योजना अंतर्गत जगह जगह तालाब खुदवाने के लिए भूमि पूजन करवाया जाए। और पानी का स्तर बना रहे इसके लिए तालाब की खुदाई करवाई जाए।ठीक इसी को लेकर सोरांव ब्लाक के समसपुर ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर का भूमि पूजन सोमवार को एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रदीप कुमार,खंड विकास अधिकारी धीरेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी अजय कुमार यादव, ग्राम प्रधान बाल गोविंद यादव, वसीम अहमद, आदि लोग उपस्थित रहे। वही बात करने पर ग्राम सभा के जिम्मेदार सचिव अजय कुमार यादव ने बताया कि जल है तो कल है बावजूद इसके जल बे वजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं ्जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवो के जीने का आधार है जल। धरती का लगभग तीन चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है, किन्तु इसमें से 97% पानी खारा है जो पीने योग्य नहीं है, पीने योग्य पानी की मात्रा सिर्फ 3% है। इसमें भी 2% पानी ग्लेशियर एवं बर्फ के रूप में है। इस प्रकार सही मायने में मात्र 1% पानी ही मानव के उपयोग हेतु उपलब्ध है। नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों में पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं।

# अनियंत्रित कार पलटी, कोचिंग संचालक की दर्दनाक मौत

**फाफामऊ में चलाता था मृतक कोचिंग सेन्टर, मऊआइमा के कंचन पुर चौराहे के समीप हुआ हादसा**







अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** कार से घर जा रहे कोचिंग संचालक की कार अनियंत्रित होकर पलट गई और कार चपक गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार की गेट काट कर शव निकाली और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है । प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ के ग्राम बहुता पटटी कोतवाली पटटी निवासी विनय कुमार शर्मा 28 वर्ष पुत्र सुरेश कुमार शर्मा प्रयागराज के फाफामऊ स्थित शांतिपुरम में कोचिंग चलाते हैं। बताया गया है कि वह कभी कभार घर भी आते थे।बताते हैं कि विनय कुमार शर्मा सोमवार को भोर में कार को खुद ड्राविंग करते हुए घर जा रहे जैसे वह मऊआइमा के कंचनपुर फोरलेन पर पहुंचे उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमें विनय कुमार दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार का गेट कटवा कर शव को बाहर निकाली और परिजनों को सूचना दिए । मौके पर पहुंचे मृतक विनय कुमार के उनके पिता सुरेश कुमार शर्मा माता गीता देवी ,बडा भाई संदीप कुमार छोटी बहन दीपा परिवार के अन्य सदस्यों का रो रो कर बुरा हाल था। बताया गया है कि मृतक विनय कुमार शर्मा अविवाहित था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



### अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी टक्कर, तीन गंभीर

**मेजा रोड।** मेजा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 76 के बिसहिजन खुर्द गांव के समीप तेज रफ्तार अनियंत्रित कार की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को समाजसेवी की मदद से हॉस्पिटल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार संतोष कुमार (34) पत्नी खुशबू (30) बेटा रतन कुमार (8) व रोहन (6) के साथ बाइक से तिलक समारोह में शामिल होने अमोरा गांव जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार बिसहिजन खुर्द गांव के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार ब्रेजा गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार पति-पत्नी तथा साथ में रहा बेटा रतन गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से राहगीरों में हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी पर योगदान फाउंडेशन के संचालक अनुज तिवारी ने एंबुलेंस के माध्यम से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा भिजवाया। जहां घायलों की हालत गंभीर देख डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।





# अच्छी शिक्षा की पठन-पाठन में टेबलेट उपयोगी है

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** अच्छी शिक्षा व नवीन जानकारी के लिए टेबलेट बहुत सहायक है। प्रयाग पीजी कॉलेज शिवमंगल नगर हेतापट्टी में परास्नातक द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं को प्रबंधक डॉ राम दत्त तिवारी ने टेबलेट प्रदान किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि अच्छी शिक्षा के पठन-पाठन में टेबलेट बहुत ही उपयोगी है व देश विदेश की महत्वपूर्ण जानकारियों के साथ विषय वस्तु से संबंधित एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की महत्वपूर्ण जानकारी के लिए यह टेबलेट बहुत ही सहायक होगा। उन्होंने कहा बच्चों को नवीनतम जानकारी के साथ अन्य विभिन्न क्षेत्रों की प्रयोगात्मक जानकारियां टेबलेट के माध्यम से प्राप्त होंगी जो उन्हें भविष्य निर्माण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर सरकार द्वारा दिए गए निःशुल्क कुल 55 छात्र-छात्राओं को टेबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर महाविद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## युवक को अज्ञात बाइक सवारों ने पीटा

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के झूंसी चौकी क्षेत्र में मुकदमे के सिलसिले में वकील से मिलने जा रहे एक युवक को अज्ञात बाइक सवारों ने पीट कर घायल कर दिया। उसके आँख के पास गंभीर चोट आई है पीड़ित थाने पहुच घटना की लिखित शिकायत पुलिस से की। गंगोली शिवाला निवासी राकेश निषाद उर्फ मटरू मंगलवार की दोपहर लपेटुआ गांव में जमीन के मुकदमे के मामले में एक वकील से मिलने जा रहा था चक फातमा गांव के पास बाइक सवार तीन युवकों ने राकेश निषाद को रोककर कटीले तार जमकर मारा जिससे उसके चेहरे पर चोट आई है। मामला जमीनी विवाद का बताया जा रहा है। पुलिस जांच कर रही है।

# तथागत गौतम बुद्ध के रास्ते से ही हो सकती है विश्व में शांति







**बुद्ध जयंती पर गोष्ठी का आयोजन**

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** तथागत गौतम बुद्ध के 2585 वी जयंती के अवसर पर बौद्ध दर्शन प्रसार समिति द्वारा बुदांवा में वर्तमान में बौद्ध दर्शन की प्रासंगिकता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा दुनिया में बौद्ध दर्शन ही ऐसा दर्शन है जिसे अपनाकर दुनिया में सुख ,शांति व समृद्धि लायी जा सकती है। वरिष्ठ साहित्यकार विजय चितौरी ने कहा बौद्ध दर्शन को अपनाकर ही दुनिया के तीन दर्जन से अधिक देशों ने हर क्षेत्र में प्रगति किया है। विकास की ऊंचाई पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि बौद्ध दर्शन वैज्ञानिक है। दुनिया में हो रही विभिन्न तरह की हिंसा को इसके प्रचार प्रसार द्वारा रोका जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं आचार्य पन्नालाल एवं प्रसाद त्रिशरण पाठ आरंभ हुआ। आगंतुकों का स्वागत कार्यक्रम के आयोजक फूलचंद पटेल ने किया। डॉ अमरनाथ सिंह , बेचन लाल विनोदी , आनंद जायसवाल,ज्योति भाई ,बैजनाथ कुशवाहा ,राजमणि सचिव साहब, राजेंद्र पटेल आदि ने अपने विचार ब्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोकुल सिंह तथा संचालन शंकर लाल मजूर ने किया । कार्यक्रम में डॉ अर्चना पांडे के सौजन्य से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रा करिश्मा गुप्ता को छात्रवृति दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंगला प्रसाद कोटार्य,सुरेश पटेल, राम मनोहर पटेल ,डॉ विनोद पटेल, निर्भयनयन सिंह ,कैलाश चंद्र अरुण कुमार पांडे ,उमेश कुमार पटेल ,चंद्रभूषण बिंद ,श्रीमती आशा पटेल बीडीसी ,कमलेश आदिवासी, मान सिंह पटेल, राजेश सोनकर पत्रकार ,दिवाकर सिंह ,सुरजीत पटेल ,दिनेश प्रजापति ,राम फल कुशवाहा अभय राज सिंह, राजू सिंह, रमेश पटेल ,बृजमोहन बिंद आदि लोग उपस्थित रहे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बच्चों ने जलाए दीपक, महिलाओं ने बुद्ध बंदना से प्रारम्भ किए कार्यक्रम



**लेडियारी।** तहसील क्षेत्र के खीरी बाजार में बुद्ध पूर्णिमा का पर बुद्ध वंदना कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें आयोजक श्वेता भारती ने बताया कि अपने जीवन का प्रकाश स्वयं बने अपने जीवन को प्रकाशमय करने हेतु शिक्षा बहुत आवश्यक है। हर शिक्षित व्यक्ति अपने जीवन में सफल कार्य कर पाता है। वही अशिक्षित व्यक्ति अपना कार्य सफल तरीके से नहीं कर पाता है । जिससे वह सदैव परेशान ही रहा करता है। वही देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल की शिक्षिका सीमा कुशवाहा ने बताया कि हम सब महिलाओं को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहना चाहिए । प्राथमिक व उच्च स्तरीय शिक्षा पाने हेतु जीवन भर संघर्ष करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में बच्चों संघ महिलाओं ने तथागत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र के सामने दीपक जलाकर अपने जीवन को प्रकाशमय करने हेतु प्रयास किया। मौके पर फोटो देवी,नीलम, सुखदेई,रेखा देवी,अनिता सिंह समेत दर्जनभर से अधिक महिलाएं ,छात्राएं ,छोटे बच्चे मौजूद रहे।

# मेजा के साथ-साथ मैं बारा की जनता का भी सेवकः संदीप पटेल

अखंड भारत संदेश

**सपा विधायक संदीप पटेल का बारा विधानसभा क्षेत्र में जोरदार स्वागत**





**शंकरगढ़।** नारायण जलसा गेस्ट हाउस, रानीगंज, शंकरगढ़ में मेजा के नवनिर्वाचित विधायक संदीप पटेल का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप पटेल ने कहा कि मेजा के लोगों ने बहुत सम्मान बढ़ाया है और आप लोगों ने हमें नेता बनाया है। मैं बारा का विधायक नहीं हूँ, फिर भी आपकी इच्छा को पूरी करने का पूरा प्रयास करूंगा।आप सबकी ताकत की वजह से ही मैं विधायक बनकर विधानसभा में पहुंचा हूं, निश्चित ही मैं मेजा के साथ आपकी भी सुख दुख में शामिल होऊंगा। आपने विधायक नहीं बेटा और भाई को चुना है। भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि आज बढ़ती महंगाई, आरक्षण और नौकरी के लिए सभी को संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा हिंदू राष्ट्र बनाने के नाम पर लोगों को आपस में बांट रही है। 2024 में निश्चित ही समाजवादी पार्टी सफल होगी। मैंने मेजा में चुनाव जीतकर एक भ्रम जरूर खत्म किया है। आप सम्मान से जीने की आदत डालो। कार्यक्रम के आयोजक और संयोजक किसान नेता सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आप सिर्फ मेजा के ही नहीं पूरे यमुनापार के नेता हैं और पूरा यमुनापार आप से उम्मीद लगाए हुए है। यहां किसानों की कुछ जटिल समस्याएं हैं जैसे नहरों में शेड्यूल सही ना होने के कारण गलत समय पर नहरें चलती हैं और जानवरों की समस्या विकराल है। साथ ही क्षेत्र को बुंदेलखंड एरिया में शामिल किया जाए। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख नन्हे सिंह और कमेरा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने भी संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वजीत सिंह ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के महिला अस्पताल की जर्जर हालत और अधूरे स्टेडियम के निर्माण के साथ पहाड़ी असिंचित क्षेत्र में नहर के व्यवस्था की बात उठाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र सिंह और संचालन अजय सिंह ने किया। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख अवध कुमार सिंह उर्फ नन्हे सिंह, राजेश्वर सिंह, कमलभान सिंह, गगन सिंह, पूर्व प्रमुख गुलाब कली,अनुज मिश्रा, पूर्व प्रधान विमल सिंह,राजकरन सिंह, सर्वजीत सिंह, समरजीत सिंह, नरेंद्र सिंह, मान सिंह, राम नारायण सिंह, सुदीप सिंह, हरी लाल यादव, राधा आदिवासी, शिव नारायण सिंह समेत सैकड़ों लोग रहे।

### आज भी प्रासंगिक हैं गौतम बुद्ध के उपदेश

**सहसों।** क्षेत्र के छत्रपति शिवाजी ऋषि कुलम सहसों में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर शिक्षकों एवं अभिभावकों ने नमन किया। इस मौके पर प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा भगवान बुद्ध के उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने विश्व शांति के लिए मानव जाति को उपदेश दिया था। मोह और माया के बंधन से मुक्त रहना चाहिए इस प्रेरणा से हमें आगे बढ़ना होगा । जो प्रेम रहित हैं, वे संकट से मुक्त हैं। उन्होंने कहा था कि संसार में तीन चीजें सूरज, चांद और सत्य को कभी छिपाया नहीं जा सकता जो आज भी सत्य है। उपस्थित लोगों से कहा महात्मा बुद्ध के अनुसार शरीर स्वस्थ रहेगा, तभी मन भी स्वस्थ रहेगा। स्वस्थ मस्तिष्क से ही बच्चों के उत्तरोत्तर विकास एवं भविष्य की नींव तैयार होगी। प्रबंधक ने अभिभावकों से कहा कि भीषण गर्मी में बच्चों को धूप में न निकलने दें तथा गर्मी से बचाव के लिए अधिक से अधिक पानी व पौष्टिक पेय पदार्थ का प्रयोग करें। इस मौके पर पुष्पेन्द्र सिंह, समाज सेवी शिव नारायण सिंह गप्पू , राघवेंद्र सिंह सिंगरौर, मुन्ना लाल, धर्मेंद्र कुमार सहित आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का प्रयास करने पर आरोपी शिक्षक पर मामला दर्ज

**रत्योंरा।** कोरांव थाना क्षेत्र के साजी गांव में एक शिक्षक ने शिक्षक और शिष्य की परंपरा को तार-तार कर दिया। कक्षा की छात्रा से अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। ज्ञातव्य हो कि साजी गांव की एक छात्रा जूनियर हाई स्कूल विद्यालय साजी से कक्षा 5 की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद कक्षा 6 में प्रवेश के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय साजी बीते 14 मई को गई हुई थी। जहां शिक्षक सुंदरलाल धुरिया ने नाबालिग बालिका को अंदर कमरे में बुलाकर अश्लील हरकत करने लगा। जिससे डरी सहमी छात्रा अपने घर पहुंची और आपबीती अपनी मां को बताई। मां ने पुलिस को आरोपी शिक्षक के विरुद्ध तहरीर दी जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। शिक्षक के इस घृणित कार्य की चहुंओर निंदा हो रही है जब शिक्षा के मंदिर में शिक्षक ही इस प्रकार के घृणित कार्य करने लगेंगे तो समाज की दिशा और दशा कौन तय करेगा।

# अपर मुख्य सचिव चिकित्सा ने बेली अस्पताल का किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार को तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय यानी बेली अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। बच्चों के वार्ड पीकू (पीआइसीयू) और ट्रामा केयर में उन्होंने व्यवस्थाओं को जाना परखा। ट्रामा केयर में भर्ती रोगियों से बात की। मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. किरन मलिक ने उन्हें अस्पताल का भ्रमण कराते हुए एक नई लेप्रोस्कोपी मशीन की मांग की। उन्हें बताया कि वर्तमान में उपलब्ध मशीन काफी पुरानी हो गई है इसलिए सर्जरी में दिक्कतें आती हैं।

**अपर मुख्य सचिव ने पीकू वार्ड को देखा और ट्रामा केयर का किया निरीक्षण :** अपर मुख्य सचिव दोपहर बाद करीब सवा चार बजे बेली अस्पताल पहुंचे। करीब 20 मिनट तक रहे। उनके साथ मुख्य चिकित्साधिकारी डा. नानक सरन और एडी हेल्थ डा. विमलेंदु शेखर भी रहे। अपर मुख्य सचिव ने सबसे पहले पीकू वार्ड को देखा। हालांकि वह इस वार्ड के भीतर नहीं गए। बाहर से ही व्यवस्थाओं को देखने के बाद ट्रामा केयर पहुंच गए। वहां अधिकांश लोग गर्मी से होने वाली बीमारियों से ग्रसित थे। इनसे संवाद किया और सुविधाओं के मिलने की जानकारी ली। कहा कि अस्पताल में साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए, स्वास्थ्य सुविधाओं में बजट की किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी।

**सीएमओ को दिया नई मशीन का आश्वासन :** मुख्य चिकित्साधीक्षक डा. किरन मलिक के आग्रह पर कहा कि अस्पताल के लिए लेप्रोस्कोपी मशीन शीघ्र ही स्वीकृत की जाएगी। इस अवसर पर अस्पताल के अधीक्षक डा. एमके अखौरी भी मौजूद रहे।

### करछना विकास खंड के ग्राम पंचायतों में 50% पंचायत भवन अधूरे

**करछना।** प्रयागराज विकासखंड करछना के अंतर्गत स्वीकृत हुए ग्राम पंचायतों ने करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न गांव में वर्षों से निमार्णाधीन पंचायत भवनों का पुरसाहाल नहीं 2 वर्ष पूर्व से निमार्णाधीन पंचायत भवन अपूर्ण हैं जिसमें धन स्वीकृति के 2 वर्ष बीत जाने के बाद पंचायत भवन अधूरे हैं सरकार की मनसा पर पानी फेर रहे हैं विभागीय अधिकारी प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा प्रत्येक गांव में पंचायत भवन निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर धन सूचित किया था 2 वर्ष तक बीत जाने के बाद पंचायत भवन अधूरे हैं जबकि पंचायत भवनों में शासन के निर्देश पर डाटा ऑपरेटर सहायक सचिव कंप्यूटर फर्नीचर सीसीटीवी कैमरे आदि खरीद प्रधान अपने घरों में रखे हैं नतीजा पंचायत भवन अधूरा है गौरतलब है कि डेढ़ वर्ष पूर्व ग्राम पंचायत बसरिया में 29 लाख रुपए पंचायत भवन के लिए स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसका कारण है आज भी अधूरा है निर्माण में लीपापोती कमीशन बाजी को लेकर कर्मचारी भी निलंबित हुए हैं बेपरवाही के कारण डेढ वर्ष बीत जाने के बावजूद 29 लाख स्वीकृति पर भी पंचायत भवन पूर्ण रूप से संचालन से कोसों दूर है वही अधिकारी जांच रिपोर्ट में अपनी गर्दन बचाने के लिए लीपापोती कर रहे हैं इसी तरीके से क्षेत्र के 80 ग्राम पंचायतों में 50 से अधिक ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन अपूर्ण हैं।



### मेजा में कार-बस की टक्कर मे किशोर की दर्दनाक मौत, तीन की हालत नाजुक

**मेजा।** मांडा क्षेत्र के चकडीहा में बस और कार की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई है। हादसे में कार में सवार एक किशोर की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई,जबकि तीन लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टक्कर इतनी भयानक थी कि कार के हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे की वजह से राजमार्ग पर भीषण जाम लग गया। मांडा थाना क्षेत्र के खवास का तारा निवासी राकेश कुमार आज शाम चपरतला के रहने वाले मुखिया ,गरिमा व मनीष कुमार निवासी सिकरा के साथ कार से मांडा रोड की तरफ जा रहे थे। इस दौरान क्षेत्र के चकडीह गांव के सामने सवारियों से भरी बस से आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। इस हादसे में कार में सवार किशोर मनीष (13) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। अन्य कार सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। वहीं बस चालक बस को छोड़कर फरार हो गया है। इस मामले में थानाध्यक्ष का कहना है कि मृतक के स्वजनों द्वारा अभी तक तहरीर नही दी गई है।

# राजस्थान से शादी के लिए आए परिवार को पीटकर लाखों लूटे

अखंड भारत संदेश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शादी का झांसा देकर दूसरे प्रांतों से आए लोगों की बेरहमी से पिटाई करने एवं लूटपाट करने वाले गिरोह के एक सदस्य को दबोच लिया है। बताया जाता है कि सोमवार की दोपहर लीलापुर कलां के कछार में सशस्त्र बदमाशों ने राजस्थान से आए क?ई युवकों की बेरहमी से पिटाई कर जेवरात व कपड़े समेत लाखों रुपए लूट लिए। इस दौरान उनकी बेरहमी से पिटाई भी की। बदमाशों की इस हरकत को ग्रामीणों ने भांप लिया और घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई। ग्रामीणों से घिरते देख बदमाश भाग निकले किंतु सुनील कुमार पुत्र राम भुवर निवासी बिझवनियां, उतरांव को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया गया। भुक्तभोगी नारेंद्र नागर पुत्र बृजलाल झालावाड, राजस्थान ने बताया कि फिरोजाबाद के क्रांति पुत्र छविराम के माध्यम से सैदाबाद के एक युवक से शादी कराने की बात हुई थी। तय समय के अनुसार लिए अपने रिश्तेदारों को लेकर मारुति वैन गाड़ी से यहां आया था। यहां दोपहर में एक ढाबा पर खाना खिलाया गया। फिर शादी के कराने के बहाने लीलापुर कलां के कछार में ले गए। जहां बेरहमी से पिटाई की तथा एक लाख पांच हजार रुपए नगद, कपड़े, कुछ जेवरात एवं 4 मोबाइल लूट लिए।

### गिरोह का एक सदस्य चढ़ा पुलिस के हत्थे



राजस्थान से आया युवक बदमाशों द्वारा पिटाई के बाद चोट के निशान दिखाता

**पहले भी हो चुकी है वारदात :** कुछ महीने पहले भी हडिया थाने के सैदाबाद चौकी क्षेत्र में शादी के लिए आए परिवार के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना हुई थी। जिसमें पीड़ित परिवार थाने पहुंच कर घटना की लिखित शिकायत की थी।

### अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरो को पुलिस ने किया सीज

**तीन चालकों को भी पुलिस ने लिया हिरासत में, खनन माफियाओं में हड़कंप**

**रत्योंरा/कोरांव।** कोरांव पुलिस ने अवैध खनन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने के लिए खनन घाटों पर छापेमारी करते हुए अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को सीज कर दिया है। पुलिस ने तीनों चालकों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने कोरांव थाना क्षेत्र के बांस गांव के बेलन नदी घाट पर छापेमारी करते हुए अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टरों को पकड़ लिया जिनको थाने लाकर सीज कर दिया है। ज्ञातव्य हो कि नवागंतुक थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र कुमार सिंह लगातार अवैध खनन पर सख्त दिख रहे हैं। क्षेत्र के खनन घाटों व पहाड़ों पर छापेमारी करते हुए अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त वाहनों एवं लोगों पर शिकंजा कसते हुए कार्रवाई में जुटे हुए हैं। जिससे खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी दशा में क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन नहीं होने दिया जाएगा। जो भी अवैध कामों में संलिप्त पाया जाएगा उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई कर जेल भेजा जाएगा।

# फेसबुक फ्रेंड गोल्डी ने कान्वेंट स्कूल की छात्रा को ले गया था इंदौर पुलिस ने किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस से लापता छात्रा पांच दिन बाद इंदौर में मिल गई। पुलिस ने उसके फेसबुक फ्रेंड गोल्डी श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित गोल्डी मध्य प्रदेश के पीथमपुर धार का रहने वाला है। छात्रा के लापता होने के बाद से परेशान परिवार के लोगों को बेटी वापस मिलने पर राहत मिली है।

**फेसबुक फ्रेंड ट्रेन से ले गया था इंदौर :** पुलिस का कहना है कि सिविल लाइंस के एक निजी स्कूल में हाईस्कूल की छात्रा से गोल्डी की दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी। फिर उनके बीच मोबाइल पर भी बातचीत होने लगी। कुछ दिन पहले गोल्डी अपने घर से प्रयागराज आया और छात्रा को साथ लेकर पहले छिवकी स्टेशन पर पहुंचा। इसके बाद दोनों ट्रेन में सवार होकर इंदौर पहुंच गए। वहां एक साथ रह रहे थे। आरोपित प्राइवेट नौकरी करता है।

**मोबाइल फोन की काल डीटेल से पता चला गोल्डी से कनेक्शन :** पुलिस ने मोबाइल फोन की काल डीटेल हासिल की तो पता चला कि छात्रा फोन पर गोल्डी से बात करती थी। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने गोल्डी की लोकेशन हासिल की। पता चला कि गोल्डी इंदौर में है। इसके बाद पुलिस टीम इंदौर भेज दी गई। इंदौर जाकर पुलिस ने गोल्डी का ठिकाना पता किया और फिर उसे गिरफ्तार कर छात्रा को बरामद कर लिया। इंस्पेक्टर सिविल लाइंस वीरेंद्र कुमार यादव का कहना है कि छात्रा को बरामद करते हुए उसके दोस्त को गिरफ्तार किया गया है।

उधर, छात्रा के गायब होने पर घरवाले परेशान हो गए थे। खोजबीन के बाद उन्होंने सिविल लाइंस थाने में मुकदमा दर्ज कराया था।

## वीडियो वायरल होने पर सर्विलांस प्रभारी का बांदा ट्रांसफर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एडीजी जोन कार्यालय में तैनात सर्विलांस प्रभारी बृंदावन राय का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस अफसरों ने इसे संज्ञान में ले लिया। एडीजी ने सर्विलांस प्रभारी को जोन कार्यालय से बांदा ट्रांसफर कर दिया। बताया गया कि बांदा जिले में ही बृंदावन राय की तैनाती थी। उन्हें जोन कार्यालय में विशेष ड्यूटी पर बुलाया गया था। सोशल मीडिया पर शोर मचने पर यह कार्रवाई की गई है। बीते शनिवार को एडीजी ने प्रयागराज क्राइम ब्रांच के पूर्व और वर्तमान में तैनात 13 सिपाहियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। उन्हें विशेष ड्यूटी में प्रयागराज से प्रतापगढ़ जिले में ट्रांसफर कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद बृंदावन के जन्मदिवस से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। इस वीडियो में साथ में हंसने वाले युवक को सटोरिया बताया गया। इस मामले में बृंदावन का कहना था कि वीडियो एडिटेड है। जिस सटोरिये के नाम बताया जा रहा है उसके खिलाफ उन्होंने बड़ी कार्रवाई की थी। विस्फोटक अधिनियम के तहत उसे जेल भेजा था।

### स्कूटी सवार बदमाश महिला के गले से चेन छीन हुआ फरार

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के आवास विकास कॉलोनी योजना 3 में स्कूटी सवार बदमाश महिला के गले से चेन छीन फरार हो गया महिला ने शोर मचाया मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पास में ही एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में बदमाश की तस्वीर कैद हो गई है जिसके आधार पर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है। आरके पुरम हवेलिया की रहने वाली शांति देवी सोमवार की सुबह दूध लेने यादव चौराहे के पास से दूध लेकर घर जा रही थी साईं मंदिर के पास पीछे से आई लाल कलर की स्कूटी से आया एक बदमाश शांति देवी के गले से चेन छीन कॉलोनी में गायब हो गया महिला ने शोर मचाया तो मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस आसपास पूछताछ करने के साथ एक मकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जिसमें भाग रहे बदमाश की तस्वीर साफ साफ दिख रही है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तस्वीर के आधार पर बदमाश की तलाश में जुट गई है।



सीसीटीवी कैमरे में कैद बदमाश की तस्वीर

# पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उसके बेटों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उसके चार बेटों ने अपने खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सहारनपुर के मिजार्पुर थाने में दर्ज एफआईआर के खिलाफ अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने केलिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी।पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उसके बेटों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत नहीं मिल सकी। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें इतनी राहत जरूर दी है कि याचियों के द्वारा उन्मोचन अर्जी (डिस्चार्ज एप्लीकेशन) दी जाती है तो उनके खिलाफ दो माह तक कोई उत्पीड़नात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह की पीठ ने अफजल व चार अन्य की अग्रिम जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है।पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल और उसके चार बेटों ने अपने खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत सहारनपुर के मिजार्पुर थाने में दर्ज एफआईआर के खिलाफ अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने केलिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। याचियों की ओर से कहा गया था कि अफजल, अलीशान के खिलाफ दो-दो आपराधिक मामले और जावेद के खिलाफ तीन मामले दर्ज हैं।

### जमानत अर्जी का अभियोजन ने किया कड़ा विरोध

हाजी इकबाल उर्फ बल्ला के खिलाफ चार और याची अब्दुल वाजिद के खिलाफ पूरा गैंग चार्ट है। हालांकि, सक्षम न्यायालय द्वारा याचियों के खिलाफ पहले से दर्ज आपराधिक मामलों में जमानत दी जा चुकी है। मामले में सरकारी अधिवक्ता की ओर से अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया गया। कहा गया कि याची अपराधी प्रकृति के हैं।उनका आपराधिक इतिहास है। उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस भी जारी हो चुका है। याचियों की ओर से राहत पाने केलिए हाईकोर्ट के समक्ष पहले भी अर्जी दाखिल हो चुकी है। कोर्ट ने कहा कि याचियों के अधिवक्ता की ओर से अग्रिम जमानत दिए जाने का कोई अच्छा आधार नहीं प्रस्तुत किया जा सका। कोर्ट ने अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

### दो पक्षों में मार पीट के मामले में एससी एसटी एक्ट में क्रास मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** सोमवार को रास्ते में वाहन खडी करने को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ था। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है ।एक पक्ष ने एससी एसटी एक्ट में जबकि दूसरे पक्ष ने लूट पाट का मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम पिलखुआं सरायलालू में दलितों और पटेलों के बीच रास्ते में खडी वाहन को लेकर एक पक्ष के प्रकाश चन्द्र पटेल पुत्र हरिप्रसाद ने असीन कुमार, शिव कुमार, किशनलाल, रबीना कुमारी ,दूधनाथ तथा आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मार पीट पांच हजार रुपये लूट लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर दूसरे पक्ष की किरन देवी पत्नी जीतेन्द्र सरोज का आरोप है कि उसके घर सोरांव के दादूंपुर सरसा से मेहमान आए थे। जिन्हें जबरियन मारा पीटा गया और जाति सूचक गालियां दी गई।किरन देवी सरोज ने प्रकाश चन्द्र पटेल ,प्रवीण कुमारपठ पटेल , प्रमोद कुमार , पटेल, अखिलेश,पटेल , राहुल, पटेल ,सोहन पटेल गोपाल पटेल तथा अन्य अज्ञातों के खिलाफ मार पीट एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दिया है । पुलिस क्रास मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कबरा वि. ख. करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

वित्तीय वर्ष 2022–23 मे ग्राम पंचायत कबरा विकास खण्ड करछना में कराये जाने वाले विकास कार्यो में मनरेगा, राज्य वित्त/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 17–05–2025 से दिनांक 23–05–2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कबरा में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 26–05–2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 26–05–2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस–जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्त्र प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्ते लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | लालजी पाल के घर के पास कूप जगत निर्माण कार्य | 1.50 लाख | 2 माह |
| 2. | नन्दलाल कोल के कूप का जगत निर्माण कार्य | 1.50 लाख | 2 माह |
| 3. | जय प्रकाश तिवारी का जगत निर्माण कार्य | 1.50 लाख | 2 माह |
| 4. | लक्ष्मी नारायण के पीपल के वृक्ष पर चबूतरा निर्माण कार्य | 1.30 लाख | 2 माह |
| 5. | लाल जी के कूप से पक्की सड़क तक खडंजा निर्माण कार्य | 2.00 लाख | 2 माह |
| 6. | आशीष के घर से लसना दीदी बाग तक नाली निर्माण | 1.80 लाख | 2 माह |

बब्बू लाल
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांक: मेमो/ग्राम पं. वि. अ./टेण्डर/ कोटेशन/ 2022-23/ दिनांक

शिव ओम चौधरी
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कबरा
वि0 ख0 करछना प्रयागराज


# स्वास्थ्य परीक्षण के बाद अस्पताल से बाहर आई थी प्रसव पीड़िताए

## सोशल मीडिया में वायरल वीडियो का अधीक्षक ने बताया सच, कहां डिलीवरी में था समय

अखंड भारत संदेश

**रत्योंरा।** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव पर अस्पताल से बाहर दो प्रसव पीड़िताओं को जमीन पर ही लेटे होने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने लगा। वायरल वीडियो की जब पड़ताल की गई तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव के अधीक्षक डॉ केबी सिंह ने बताया कि 4 बजे सुबह के आसपास नेवढ़ीया 42 गांव की आरती पत्नी रामचंद्र अस्पताल पहुंची जिसे प्रसव वार्ड में ले जाया गया। वहां पर मौजूद स्टाफ नर्स के द्वारा स्वास्थ्य चेकअप व परीक्षण किया गया। स्टाफ नर्स के मुताबिक आरती के डिलीवरी में अभी सप्ताह से 10 दिन का समय शेष था चिकित्सकीय सलाह के बाद पेट में दर्द होने के कारण उसे आवश्यक दवाएं भी दिलाई गई जिसके बाद स्टाफ नर्स ने मरीज को वार्ड में ही रहने तथा 182 व 108 नंबर एंबुलेंस को कॉल कर जो घर तक छोड़ देगी। इसी बीच स्टाफ नर्स किसी दूसरे महिला की डिलीवरी कराने चली गई। तब तक मरीज आरती अस्पताल से बाहर आ गई। जहां किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। अधीक्षक डा केबी सिंह के मुताबिक किसी भी मरीज के साथ गलत व्यवहार नहीं किया जाता है। सरकार की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक पहुंचाने के लिए अस्पताल प्रतिबद्ध है।

### बिना डिग्री के अस्पताल संचालक पर विभाग मेहरबान

**कोरांव में दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर चला रहे क्लीनिक अस्पताल**

**रत्योंरा।** विकासखंड कोरांव के रत्योरा बाजार में बिना डिग्री का डॉक्टर अस्पताल चला रहा है। गलत इलाज को लेकर तीमारदारों व चिकित्सकों में आए दिन झड़प व विवाद होता रहता है। शिकायत के बाद भी विभाग बिना डिग्री के डॉक्टर पर मेहरबान बना हुआ है। रत्योरा बाजार में उर्मिला हॉस्पिटल का संचालक आशीष यादव बिना डिग्री का डॉक्टर है। जो लगभग 5 वर्ष से उर्मिला हॉस्पिटल का संचालन कर रहा है। अस्पताल का रजिस्ट्रेशन किसके नाम है, अस्पताल कौन चला रहा है। इससे विभाग का कोई लेना देना नहीं है। आसपास एवम बाजार के लोगों की माने तो अस्पताल का रजिस्टेशन किसी और के नाम से है तो उसे चला कोई और रहा है। बिना डिग्री का डॉक्टर बना आशीष यादव 5 वर्ष से अस्पताल चलाकर क्षेत्रीय लोगों का गलत उपचार करने में जुटा हुआ है। शिकायत के बाद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। जिससे क्षेत्रीय लोगों में रोष व्याप्त है। सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जहां प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए लगातार सीएचसी व पीएचसी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दे रहे हैं। ठीक वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों की नाक के नीचे अवैध क्लीनिक अस्पताल संचालित हो रहे हैं और ग्रामीण मरीजों का शोषण कर खुद मालामाल हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी ऐसे मनमाने झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई न होने से क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। बिना डिग्री के दर्जनों झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक व अस्पताल चला रहे हैं। ऐसे अस्पतालों में आए दिन मरीजों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। लोगों की जानें तक चली जा रही है, किंतु विभागीय अधिकारी कर्मचारी कान में तेल डाले बैठे हुए हैं। चचाओं पर गौर करें तो ऐसे संचालकों से विभाग को प्रत्येक महीने मोटी रकम मिलती है। जिससे इन पर विभाग भी मेहरबान बना रहता है, और किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जाती है। स्थानीय लोगों ने ऐसे मनमाने अस्पताल संचालकों पर कार्रवाई करते हुए दोषी चिकित्सकों को जेल भेजने की मांग की है।

# तिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर समन्वय समागम में हुआ धम्म प्रबोधन

## भिक्षुणी धम्मदिन्ना के धम्म देशना में उमड़ी महिलाओं उपासिकाओ की भारी भीड़

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मैत्री ही सम्पूर्ण धम्म है, जिसमें बुद्ध ने साधना के सारे चरण दिए हैं। इसमें ग्यारह लाभ मार्ग हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति अपनी सम्पूर्णता को पाता है और सामुदायिकता को अपने जीवन में समावेशित करता है। मैत्री भावना के सभी चरणों की क्रमिक साधना ही आपको परिपूर्णता की तरफ ले जाती है।

उक्त बातें जनपद सुगतानन्द बुद्ध विहार पर समन्वय सेवा संस्थान के तत्वावधान में चल रहे तिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पूज्य भिक्षुणी शाक्या धम्मदिन्ना अय्या ने कही। ज्ञातव्य है कि जनपद के उपासक/उपासिकाओ द्वारा जनपद में पूज्य अय्या साक्या धम्मदिन्ना के पावन सानिध्य चल रहे वेसाको पर्व मनाया जा रहा है। दीपशिखा व दिनेश सरोज ने बुद्ध वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि धम्मानुरागी बहन जसवंती जी को स्मृति चिन्ह अंग वस्त्र व धम्म पट्टिका से सम्मानित किया गया। बृजेश कुमार प्रसाद उप जिलाधिकारी ने कहा कि आज पूरे विश्व मे त्रिविधि पावनी बुद्ध पूर्णिमा मनाया जा रहा है और जनपद प्रतापगढ़ के समन्वय परिवार द्वारा समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करके समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। डा0 बृजभान सिंह प्राचार्य पी.बी.पी.जी.कालेज ने कहा कि बुद्धि के नियंत्रण की शक्ति ही बौद्ध धर्म है। ज्ञान ही दुख के निदान का मुख्य साधन है। रोशन लाल ने कहा कि प्रतापगढ़ के उपासक/उपासिकाओ कि वजह से धम्म पुनः स्थापित हो रहा है। डा0 पीयूष कांत शर्मा वरिष्ठ प्रोफेसर एंव पुरातत्व विभाग एम. डी. पी. जी.कालेज ने कहा कि भगवान बुद्ध का जन्म, बोध की प्राप्ति तथा महापरिनिर्वाण आज ही के दिन बैसाखी पूर्णिमा के दिन हुआ था।इस लिए यह दिन वेसाको पव्व के रुप मे मनाया जाता है। अध्यक्षता कर रही लीलावती ने कहा कि पूज्य अय्या जी के पावन सानिध्य से जनपद के धम्मानुरागियों में सुखद आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्ति हुई। संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा इस धम्म समागम धम्म के क्षेत्र में की परिलब्धियों हासिल किया वही तथागत के चतुप्यपरिषद ( भिक्षुसंघ, भिक्षुणी संघ, उपासिका संघ व उपासक संघ)के धम्म प्रबोधन से हम सभी धम्म के तरंगों से तरंगित हुए। इस अवसर पर दिनेश कुमार ने संस्थान द्वारा धम्म के क्षेत्र में किया गए कार्यो का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर श्रद्धावान उपासको द्वारा दान पारमिता संस्कार के तहत भोजनदान व रामरती बुआ, बहन सुशीला कश्यप, अर्चना आनन्द, सुशील दद्दू, वेद प्रकाश, सी0पी0 राव, सुलोचना राव, राजीव कुमार, दिनेश कुमार, संजय कुमार, अवधेश कुमार, उमेश चन्द्र, रीता आदि मौजूद रहे।



धम्म प्रबोधन में अपनी बात कहतीं भिक्षुणी शाक्या धम्मदिन्ना।



कार्यालय पर आयोजित बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी

## चिंतन शिविर में पारित प्रस्तावों से मजबूत होगी कांग्रेसः डा0 लालजी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** उदयपुर (राजस्थान) में सम्पन्न हुए कांग्रेस चिंतन शिविर गत दिवस सम्पन्न हुआ, जिसमें अनेक प्रस्ताव आये और उन्हें सर्व सम्मति से पारित कर दिया गया। चिंतन शिविर में पारित प्रस्तावों पर चर्चा हेतु आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में कांग्रेस के साथियों की एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें चिंतन शिविर में पारित प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने स्वागत किया और कहा कि प्रस्तावों के लागू किये जाने से कांग्रेस निश्चित रूप से मजबूत होगी। बैठक का संचालन उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह ने किया। इस अवसर पर डा0 वी0के0सिंह, वेदान्त तिवारी, सुरेश मिश्र, संतोष शर्मा, हीरा सिंह, राम कुमार पटेल, राकेश पांडेय, दीपक शुक्ल, जय करन वर्मा, दिनेश वर्मा, श्याम शंकर तिवारी सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी बनी शोपीस

## रमईपुर नेवादा में बनी टंकी का लाभ नही ले पा रहे है ग्रामीण

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में लाखों की लागत से बना हुआ पानी की टंकी का पानी सप्लाई ना होने से सरकार की महत्वकांक्षी योजना विफल दिखाई दे रही है। पानी का सप्लाई के लिए बना हुआ मोटर खराब है तो वह गांव के लिए सप्लाई की गई पाइप भी कई जगह टूट चुकी है। यह स्थिति कमोबेश एक दशक से दिखाई दे रही है जिस के संबंध में प्रशासनिक स्तर पर कई बार दुरुस्त करने की कोशिश तो की गई लेकिन परिणाम सिफर रहा।

पट्टी तहसील क्षेत्र के विकासखंड आसपुर देवसरा अंतर्गत रमईपुर नेवादा गांव के बीच में पानी की टंकी का निर्माण 2006 में किया गया था। उस समय जब पानी की टंकी बनी तो लोगों को यह उम्मीद थी कि प्रत्येक घर को स्वच्छ जल आसानी से सुलभ हो पाएगा। लगभग डेढ़ साल तक पानी की सप्लाई होती रही, लेकिन उसके बाद उस में खराबी आनी शुरू हुई तो वह आज तक बदस्तूर जारी है। पानी की सप्लाई के लिए पाइप कई जगह टूट गई है तो वही मोटर भी खराब हो गई प्रशासनिक स्तर पर शिकायत के बाद उस पर कोई अमल नहीं किया गया। गांव के रहने वाले नन्हे लाल का कहना है कि पानी की सप्लाई टंकी से नहीं हो पा रही है । मोटर खराब है टंकी से निकलने वाला पानी बालू देता है जो कि पीने योग्य नहीं है इसके संबंध में शिकायत किया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ वही पूर्व प्रधान राकेश यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि इसके लिए कई बार प्रशासनिक स्तर पर बैठक भी हुई लेकिन पानी की टंकी दुरुस्त नहीं हो सकी । ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश वर्मा से बात करने पर उन्होंने कहा की काफी पहले पानी की टंकी का निर्माण किया गया था अभी इसके संबंध में दुरुस्त कराने की बात चल रही है।

### समाज सेवियों ने पिलाया शरबत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में ज्येष्ठ मास के प्रथम दिन पर समाजसेवियों ने शरबत पिलाया। क्षेत्र के लोगों के साथ आने-जाने वाले सैकड़ों राहगीरों ने शरबत पान किया। इस मौके पर संतोष शर्मा, रमन शर्मा, आशाराम जायसवाल, सोनू सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### दलित की पिटाई, सीओ से इंसाफ की फरियाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर जानलेवा हमले मे चुटहिल दलित ने सीओ से इंसाफ की फरियाद की है। लालगंज कोतवाली के सोनार का पुरवा ढ़िगवस निवासी प्रयागदत्त सरोज पुत्र केसई सरोज ने सीओ को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तेरह मई को शाम साढ़े छह बजे गांव के तीन आरोपियो ने उसकी घेराबंदी कर लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपी गांव के अंकित यादव व अजय पुत्रगण नाथूराम यादव व विकास यादव पुत्र विजय ने हरकेश को रास्ते मे रोककर जातिसूचक शब्दों से गाली देने लगे। हरकेश ने गाली देने से मना किया तो आरोपियो ने उसे लाठी डंडे से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। घायल के शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। गंभीर चोट होने के कारण पीड़ित ने बेटे का इलाज स्थानीय ट्रामा सेंटर मे करवाया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी किंतु अभी तक पुलिस केस दर्ज नहीं कर सकी है।

# त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा

## बुद्ध धर्म पर विस्तार से की गई चर्चा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** त्रिपावनी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को नगर में शोभायात्रा सुगता नंद बुद्ध विहार चिलबिला प्रतापगढ़ से चौक, भंगवा चुंगी होते हुए, अम्बेडकर चैराहा तक निकाली गई। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि राजेन्द्र मौर्य विधायक सदर विधानसभा प्रतापगढ़, अति विशिष्ट अतिथि धर्मराज मौर्य सदस्य अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान उत्तर प्रदेश सरकार रहे।

सर्व प्रथम बुद्ध विहार में, धम्म ध्वज लगाया गया, तत्पश्चात बुद्ध की मूर्ति पर दीपदान एवं पुष्प अर्पित किया गया। तत्पश्चात विधायक ने पंचशील झंडा दिखा कर, शोभायात्रा को प्रारंभ किया। शोभायात्रा में डा. शिवमूर्ति लाल मौर्य ने बुद्ध धम्म को विस्तार से बताया। शोभायात्रा में गौतम बुद्ध की करूणा हो। युद्ध नहीं बुद्ध चाहिए के नारे लग रहे थे। कुंवर दक्ष सिंह कुशवाहा भंते आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में अतिथियों को पंचशील का मुकुट एवं पट्टिका पहनाकर स्वागत किया गया।



धम्म ध्वज फहराते सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य।

विधायक ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री ने बौद्ध के प्रमुख स्थलों का निर्माण कर आगे बढ़ा रहे हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि प्रमोद मौर्य पूर्व जिला पंचायत प्रतापगढ़, शिव प्रताप मौर्य रिंकू, जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा कौशाम्बी, राहुल कुशवाहा प्रदेश उपाध्यक्ष, अरूण मौर्य प्रदेश उपाध्यक्ष, डा. राधेश्याम मौर्य राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित शिक्षक, डा. सूर्य बली मौर्य, जगदीश चंद्र मौर्य जिला उपाध्यक्ष सपा प्रतापगढ़, अरूण मौर्य प्रतिनिधि विधायक सदर, शैलेंद्र प्रताप मौर्य प्रदेश संगठन मंत्री, राकेश कनौजिया प्रवक्ता, फूल चंद्र मौर्य, धर्मेन्द्र प्रकाश सरोज, अशोक प्रताप मौर्य, अभिजीत मौर्य, प्रदीप मौर्य, अनिल मौर्य, गरिमा मौर्य, दिव्या मौर्य आदि सैकड़ों धम्म अनुयायियों की उपस्थिति रही। शोभायात्रा का आयोजन अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा प्रतापगढ़ ने किया, संयोजक आलोक कुशवाहा प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय युवा कुशवाहा महासभा उत्तर प्रदेश ने किया।

# प्रमोद तिवारी ने उर्स में अमनों शांति के लिए की दुआ

## मृतक छात्र के परिजनों को बंधाया ढांढ़स

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने सोमवार को नगर पंचायत के खानापटटी वार्ड में उर्स सूरती शाह रहमतुल्लाह अलैह के जलसे में मजार पर चादरपोशी व गुलपोशी की। प्रमोद तिवारी ने जलसे मे कहा कि मुल्क की सलामती तथा तरक्की के लिए हमें नेकी के रास्ते पर ईमान के साथ खड़े होना चाहिये।

श्री तिवारी ने मजार पर गुलपोशी के दौरान परवर दिगार ए आलम से मुल्क की अमनों शांति तथा लोगों की भलाई के लिए दुआ भी मांगी। श्री तिवारी ने कहा कि हिन्दुस्तान की बुलन्दी सदैव मुल्क के लोगों के बीच सदियों से मजबूती से दिख रही कौमी एकता है। इसके पहले जलसे के आयोजक दानिश खॉन व शम्स खान ने प्रमोद तिवारी का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सिकंदर खान, वसीम खान, बेलाल रहमानी आदि रहे। इसके पूर्व प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर के राजमतीपुर में पार्टी कार्यकर्ता ओम पाण्डेय के घर पहुंचे। यहां श्री तिवारी ने छात्र शिव नारायण पाण्डेय गोलू के निधन पर परिवारजनों से मिलकर संवेदना जताई। प्रमोद तिवारी के पहुंचने पर मृतक छात्र के परिजन फूट फूट कर रोने लगे। इससे काफी देर तक माहौल गमगीन हो गया। श्री तिवारी ने परिजनों को घटना की निष्पक्ष जांच कराये जाने का भरोसा दिलाया। श्री तिवारी ने बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचकर दर्शन पूजन भी किया। श्री तिवारी के साथ सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सुधाकर पाण्डेय, रिंकू सिंह परिहार, द्दगपाल यादव आदि रहे। इधर मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी आज मंगलवार को दिन मे सवा तीन बजे बेलहा के जगदीश्वर नाथ धाम मे आयोजित स्थापना महोत्सव कार्यक्रम मे भाग लेंगे। वहीं प्रमोद तिवारी दिन में साढे तीन बजे से सांय पांच बजे तक लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे।



मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगते सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी।

# क्षेत्राधिकारी पट्टी ने थाने में खुद शुरू की साफ-सफाई

## पुलिसकर्मियों ने भी दिया पूरा साथ

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी क्षेत्राधिकारी पट्टी तहसील के आसपुर देवसरा थाने परिसर पहुंचे और साफ सफाई शुरू कर दी। उनके साफ सफाई अभियान को देखकर अन्य पुलिसकर्मी भी उनका साथ देने लगे और थोड़ी देर में थाना परिसर साफ सुथरा दिखाई देने लगा।

पट्टी तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाने में तीन दिन पहले पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने थाने के अभिलेख खंगाले थे साथ ही साथ साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए उन्होंने क्षेत्राधिकारी पट्टी और अन्य पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया था। सोमवार की दोपहर क्षेत्राधिकारी पट्टी दिलीप सिंह अचानक आसपुर देवसरा थाने पहुंच गए उन्होंने देखा कि अभी तक थाने परिसर में साफ सफाई नहीं हुई है तो वह खुद ही साफ सफाई करने के लिए जुट गए और थाना परिसर के आसपास की घास को उखाड़ना शुरू कर दिया। जिसको देख कर के थानाअध्यक्ष सर्वेश सिंह भी साफ सफाई अभियान में जुट गए उसके बाद अन्य पुलिसकर्मी भी उनका साथ देने लगे थोड़ी देर में थाना परिसर काफी साफ सुथरा दिखाई देने लगा इस दौरान क्षेत्राधिकारी ने बताया कि साफ सफाई रहने से कई बीमारियां से हमें निजात मिलती है तो वहीं पर परिसर भी साफ और सुंदर दिखाई देता है जिसके लिए यह कवायद शुरू की गई। इस दौरान थाना अध्यक्ष सर्वेश सिंह के साथ चौकीदार तथा दर्जनों पुलिसकर्मी भी साफ सफाई अभियान का हिस्सा बने। क्षेत्राधिकारी के साफ सफाई अभियान की सभी लोग प्रशंसा कर रहे हैं।



थाना परिसर की साफ-सफाई करते पुलिस कर्मी।

# लालगंज ब्लाक पर बेअसर है तबादला नीति

## बीत गए तीन वर्ष नहीं बदले अधिकारी व कर्मचारी

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय विकास खण्ड के साथ साँगीपुर व संग्रामगढ़ में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों पर तबादला नीति बेअसर साबित हो रहा है। तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी तबादला नही हो सका।

### शासनादेश का उड़ाया जा रहा है मखौल

स्थानीय ब्लाक में शासन का आदेश कोई खास मायने नहीं रखता है ।यहां पर लगभग दर्जन भर अधिकारी व कर्मचारी की तैनाती हुए तीन वर्ष बीत गए लेकिन उनका अभी तक दूसरी जगह स्थानांनतरण नही हो सका है जब कि शासनादेश पर गौर करे तो समूह क,ख,ग व घ के कर्मचारी एक स्थान पर तीन वर्ष से अधिक नही रह सकते है। लेकिन यहां ग्रा०प०अधिकारी लक्ष्मी, वीडीओ के पद पर तैनात सूर्य प्रकाश पाण्डेय, विकास यादव, पूजा मिश्रा, आलोक शुक्ल, प्राची व कई अन्य कर्मचारी है जिनकी तैनाती तीन वर्ष से अधिक हो गए है लेकिन अभी तक ज्नका स्थानांनतरण नही किया गया। सॉगीपुर व संग्रामगढ़ विकास खण्ड में भी कई कर्मचारी व अधिकारी है जो तीन वर्ष से ब्लाक में तैनात है। यह उनकी पहुंच कहे या भिर प्रशासन की लापरवाही। फिलहाल प्रशासन की उदासीनता के कारण शासन के आदेश का मखौल उड़ाया जा रहा है ।इस संबंध में डीपीआरओ से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होनें कोई जबाब नही दिया।

### अज्ञात बदमाशों ने स्कूल से उड़ाये कीमती सामान

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के असैनापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार की रात अज्ञात बदमाशो ने चोरी की वारदात अंजाम दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विद्याभूषण पाण्डेय ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बदमाश विद्यालय के कमरे का ताला तोडकर सिलेण्डर, गैसचूल्हा, एमडीएम के बर्तन आदि कीमती सामान उठा ले गये। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच मे जुटी बतायी जाती है।

### गैंगेस्टर के आरोपी प्रधान की तलाश में मशक्कत में खाकी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के हदिराही गांव में गैंगेस्टर के आरोपी प्रधान के द्वारा बैठक मे भाग लेने की सूचना पर सोमवार को पुलिस दिन भर हलाकान दिखी। हालांकि प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल समेत भारी फोर्स गांव पहुंचा तो वहां कोई मौजूद नही मिला। लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के हदिराही ग्राम पंचायत में प्रधान महेन्द्र वर्मा पर गैंगेस्टर का मुकदमा है। प्रधान की फरारी के चलते ग्राम पंचायत की पहली बैठक नही हो पा रही है। प्रधान ने चुपके से कई बार बैठक में भाग लेने का उपक्रम भी जारी रखा है। इधर पुलिस को गैंगेस्टर के आरोपी प्रधान की तलाश है। सूचना मिलते ही पुलिस हदिराही गांव का चक्कर लगाने को इधर कई दिनों से मशक्कत में देखी जा रही है।

# पुलिसिया पंचायत के बाद वैवाहिक बंधन मे बंधे युगल

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** प्रेमी युगल के मंदिर में वैवाहिक बन्धन मे बंध जाने को लेकर पुलिस ने रविवार की रात राहत की सांस ली। प्रेमी युगल तथा इनके परिजनों के बीच पिछले तीन दिनों से पुलिस सुलह समझौते की पंचायत की मशक्कत में जुटी रही। दूल्हा समेत वर पक्ष के लोग जहां पहले शादी को लेकर हामी भरने को तैयार नही थे वहीं कन्या पक्ष में भी प्रेमिका की जिद के अलावा शादी को लेकर नानुकुर होती रही। रामगढ़ गांव के गिरिजाशंकर यादव की पुत्री बीनू यादव तथा पूरे फत्ते निवासी रामकिशुन यादव के पुत्र सोनू के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस बीच जानकारी होने पर सोनू के परिजनों ने शादी से इंकार कर दिया। बीनू के घरवाले भी शादी के लिए तैयार नही हो रहे थे। इस बीच बीनू कोतवाली पहुंच गयी और आपबीती सुनाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दोनों पक्षों तथा परिजनों को थाने बुलवाया। इस बीच सोनू के घरवालों ने कहीं और रिश्ता तय कर लिया था किन्तु पुलिस के दखल से सगाई की रस्म पूरी नही हो पायी। पुलिस ने लड़की की जिद को देखते हुए दोनों पक्षों को समझाया बुझाया तब कहीं जाकर शादी को लेकर सहमति बन सकी। इसके बाद पुलिस ने कोतवाली के समीप हरिहरमंदिरम् में वर एवं कन्या पक्ष की मौजूदगी में सोनू व बीनू का वैदिक रीतिरिवाज से विवाह सम्पन्न करवाया। विवाह की रस्म पूरा होने के बाद दुल्हन ससुराल के लिए विदा हो गयी।

### जनरेटर चोरी, केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दरवाजे पर रखे जनरेटर को अज्ञात चोर रात में चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ सोमवार को चोरी की घटना का मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के बनपुकरा धधुआ गाजन निवासी मदन विश्वकर्मा पुत्र सूर्यबली ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ मई की रात उसके दरवाजे से अज्ञात चोर बीस केवीए का जनरेटर चोरी कर ले गये। पीड़ित ने सुबह जनरेटर नदारद देखा तो आवाक रह गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## खबर संक्षेप

### बंजर भूमि से जेसीबी मशीन के जरिए दिन रात हो रहा है अवैध मिट्टी खनन

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के सेवढा ग्राम सभा के तालाबी भूमि नंबर 1131 के उत्तर साइड में बंजर भूमि मौजूद है यह सरकारी भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है लेकिन राजस्व प्रशासन की लापरवाही के चलते इस बंजर भूमि पर इलाके के माफिया सक्रिय हो गए हैं और जेसीबी मशीन लगाकर बंजर भूमि की मिट्टी खोदकर खुलेआम बेच रहे हैं समतल बंजर भूमि को तालाब बनाया जा रहा है बताया जाता है कि मिट्टी खुदाई में लगी जेसीबी मशीन और चालक दिन में हरदर मऊ में रुक जाते हैं और शाम के 8:00 बजे के बाद पूरी रात जेसीबी मशीन से मिट्टी की खुदाई कर बाहर भेज दिया जाता है अवैध मिट्टी खनन में लाखों का नुकसान सरकार को माफियाओं द्वारा किया जा रहा है किसी लालता के लड़के की जेसीबी मशीन बताई जाती है सूत्रों की मानें तो स्थानीय चौकी और थाना पुलिस के साथ राजस्व निरीक्षकों की सांठगांठ से सरकारी बंजर भूमि से मिट्टी खुदाई हो रही है इतना ही नहीं बंजर भूमि से अवैध मिट्टी खुदाई को लेकर पूर्व में एक युवक की हत्या का आरोप उसके परिजनों ने जेसीबी संचालक पर लगाया था लेकिन मामले में पुलिस रत्ती भर आगे नहीं बढ़ सकी कहीं अवैध मिट्टी खनन में बाधक बन रहे युवक की हत्या तो जेसीबी संचालकों ने नहीं की है यह भी पुलिस के लिए जांच का विषय है इलाके के लोगों ने बंजर भूमि से हो रही अवैध मिट्टी खनन को रोकने की मांग डीएम एसपी से की है।

# रक्तरंजित मिला युवक का शव हत्या की आशंका

## पहले भी मिल चुके अज्ञात शव की शिनाख्त करने में हाफ रही पुलिस !

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** अज्ञात शव के मिलने का सिलसिला लगातार जारी है और पुलिस अज्ञात शव को पोस्टमार्टम हाउस बेचकर अपनी जिम्मेदारियों निर्वाहन से फुर्सत हो जाती है सोमवार को फिर कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी टोल प्लाजा के पास एक 40 वर्षीय अधेड़ का रक्तरंजित शव मिला है गांव के बाहर सुनसान स्थान में रक्त रंजित शव पड़ा था जब ग्रामीणों ने रक्तरंजित शव देखा तो मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन काफी प्रयास के बाद भी शव की शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया है सुनसान स्थान में रक्त रंजित मिले शव के चेहरे पर घाव के गम्भीर निशान है और युवक का चेहरा भी बिल्कुल झुलसा हुआ है।



लावारिस हालत में मिला रक्तरंजित शव

आशंका जताई जा रही है कि पहले युवक की हत्या की गयी और उसकी शिनाख्त न हो इसके लिए उसके चेहरे पर एसिड डाल दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन,शव की शिनाख्त नही हो पाई। कोखराज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई है ' इसके पहले भी कोखराज क्षेत्र में अज्ञात शव मिल चुके हैं जिनमे तमाम मामलों के खुलासे नहीं हो सके हैं जिस तरह से कोखराज क्षेत्र में सोमवार को अज्ञात शव मिला हैं इसी स्थितियों में हत्या करने के बाद शव को एसिड् डालकर जलाने का प्रयास सैनी कोतवाली क्षेत्र में पूर्व में भी हत्या के बाद लाश जलाने का प्रयास किया गया था पूर्व में सैनी कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात लाश मिली थी उनका खुलासा पुलिस ने कर दिया है।

### पूर्व प्रमुख ने एमएलसी को पत्र लिखकर सड़क बनवाने की मांग की

**कौशांबी।** विकासखंड चायल क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख इंजीनियर सोनू कुमार ने इलाहाबाद कौशांबी एमएलसी को पत्र लिखकर मांग की है कि उनके पैतृक गांव रसूलाबाद ऊर्फ कोइलहा में जीटी रोड से रंगीले छबीले मजार होटल के पास से शिवशंकर के नलकूप तक डेढ़ किलोमीटर सड़क कच्ची है इससे लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है उन्होंने पत्र के माध्यम से एमएलसी से कहा है कि इसके अलावा रसूलाबाद कोइलहा के जय सिंह के घर से सैयद सरावा मार्ग सड़क दो किलोमीटर की सड़क भी कच्ची है उक्त दोनों सड़क में डामरीकरण या सीसी रोड का निर्माण कराया जाए सोनू कुमार ने पत्र के माध्यम से बताया कि गांव की दोनो सड़क अभी तक कच्ची है जिससे आवागमन में दिक्कतें होती है पत्र के माध्यम से पूर्व ब्लाक प्रमुख इंजीनियर सोनू कुमार ने एमएलसी को बताया कि बरसात के दिनों में दोनों सड़कें कच्ची होने के चलते खासतौर से ग्रामीणों का आवागमन बंद हो जाता है जिससे उक्त दोनों सड़क का निर्माण कराया जाना बेहद आवश्यक है और सड़क के मरम्मत होने से ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा उपलब्ध होगी।

## न्यूज झरोखा

### पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में प्रगतिशील कार्यशाला का आयोजन



**कौशाम्बी।** प्रयागराज एवं कौशाम्बी बार्डर पर स्थित पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में प्रगतिशील कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह आयोजन दिनांक 16 मई से प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11 बजकर 30 मिनट तक चलेगा यह आयोजन पूरे माह तक चलेगा। प्रगतिशील कार्यशाला का आयोजन कोरोनाकाल के दौरान स्कूल बंद हो जाने के कारण बच्चे शिक्षा से वंचित रह गए हैं और पढ़ने - लिखने में असहज महसूस कर रहे हैं उन्हें अनुभवी अध्यापक एवं अध्यापिकाएं के द्वारा परिपक्व करने के उद्देश्य से पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज में प्रगतिशील कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में सम्पूर्ण क्षेत्र के इच्छुक छात्र एवं छात्राएं बेहिचक भाग ले सकते हैं। पूरामुफ्ती पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज के प्रबंधक डा प्रभु शंकर शुक्ला का कहना है इस आयोजन में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को बेसिक चीजों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा संबंधी हर प्रकार की बाधा को दूर किया जाएगा। प्रगतिशील कार्यशाला में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं से किसी भी प्रकार की फीस नहीं वसूली जाएगी यह आयोजन निशुल्क किया जा रहा है।

### तमंचा कारतूस के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** जिले में अलग अलग थानों द्वारा चार अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से तमंचा कारतूस बरामद होने पर अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पिपपी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम मोहन सिंह पुत्र राम सिंह निवासी लोधौर थाना पिपरी को एक अदद तमचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त कृपा शंकर उर्फ रवी शंकर उर्फ लल्ला पुत्र मुन्नू कुमार पाण्डेय निवासी इमली गांव थाना सराय अकिल को एक अदद तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त संदीप यादव पुत्र नरेश यादव निवासी उजनी फरीदपुर थाना चरवा को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अफसार अली पुत्र निसार अली बागवंशी मजरा अलावलपुर टिकरी थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को एक अदद तमचा 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

### सड़क पार कर रहे दंपत्ति को मोटरसाइकिल सवार ने मारी टक्कर, हादसे में दंपत्ति हुए गंभीर घायल

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत अझुवा राष्ट्रीय राजमार्ग भौंतर मोड़ के पास अज्ञात मोटरसाइकिल सवार ने दंपत्ति को टक्कर मार दिया जिससे दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए वही मोटरसाइकिल सवार मौके की नजाकत को समझते हुए फरार हो गया है जानकारी के अनुसार संगीता देवी उम्र 30 वर्ष पत्नी गुलाबचंद वा पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम सभा केन कोतवाली सैनी कौशांबी, फतेहपुर जिला के धाता रिश्तेदारी गए थे वापस लौटते समय भौंतर मोड़ के पास वाहन से उतर कर अपने घर केन जा रहे थे सैनी की तरफ से अज्ञात तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार ने दंपत्ति को टक्कर मार दिया जिससे संगीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी एवं गुलाब चंद्र भी घायल हो गया मौके पर रहे राहगीरों ने दोनो घायलों को एनएचआई एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है हादसे के बाद घटनास्थल से मोटरसाइकिल सवार फरार बताया जाता है।

### फिर धधकने लगी शराब की दर्जनों अवैध भट्ठियां

#### पेशेवर जुआरियों के इलाके में सक्रियता से उम्मीद जताई जाती है कि इलाके में फिर सज रही है जुआ की फड़

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के गंगा नदी के तराई इलाके के आधा दर्जन गांव में फिर दर्जनों शराब की अवैध भट्ठी अवैध तरीके से धधकने लगी है जहाँ पियक्कड़ों का मजमा लगता है पूर्व चौकी इंचार्ज के समय में शराब की भट्ठियां बंद हो गई थी लेकिन वर्तमान चौकी इंचार्ज के समय मे कई महीने से अवैध शराब भट्ठी संचालकों को सिपाही ने फरमान जारी कर दिया है कि सब कुछ चलता रहेगा जिस पर दर्जनों अवैध भट्ठियां बेखौफ शुरू है अवैध शराब भट्ठी संचालन से शराबियों द्वारा शराब पीकर क्षेत्र में आए दिन विवाद किया जाता है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के हररायपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में कानून व्यवस्था पटरी से उतर चुकी है क्षेत्र में संगठित अपराध की भरमार है अवैध डग्गामार वाहन विक्रम टेंपो बेखौफ तरीके से सड़कों पर फरार्टा भर रहे हैं तमाम अवैध वाहनों के चालकों के पास कमर्शियल लाइसेंस नहीं है तमाम वाहन नाबालिग चालक चलाते देखे जाते हैं जिन पर कार्रवाई नहीं होती जिन पर कार्यवाही के बजाय चौकी इंचार्ज सिपाहियों के माध्यम से वसूली में लिप्त हैं जबकि योगी सरकार अवैध वाहनों पर बार-बार कार्यवाही का निर्देश दे रही है लेकिन योगी सरकार का निर्देश चौकी इंचार्ज पर लागू नहीं होता। बेहतर कानून व्यवस्था बनाने के लिए चौकी इंचार्ज की तैनाती पुलिस कप्तान ने की है लेकिन इलाके में बेहतर कानून व्यवस्था कई महीने बाद भी नहीं बन सकी है अपराधों पर रोक लगाने के बजाय चौकी इंचार्ज ने संगठित अपराध में लिप्त लोगों को छूट दे दी है चौकी इंचार्ज के फरमान का पालन सिपाही कर रहे हैं जिससे इलाके में शराब की दर्जनों भट्ठी बेखौफ तरीके से धधक रही हैं इस इलाके में जुआ की फड़ भी पूर्व में सजती थी जो अधिकारियों की कठोरता के बाद बंद हो गई थी लेकिन पेशेवर जुआरी फिर इलाके में घूमते देखे जाते हैं जिससे उम्मीद जताई जाती है कि इलाके में जुआ की फड़ सज रही है इलाके के लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के कारनामे पर अंकुश लगाने की मांग की है।

### लाई चना बेचने वाले को हॉकी से पीटकर किया अधमरा

**चायल कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी निवासी जगदीश प्रसाद अपने परिवार को चलाने के लिए लाई चना बेचने का काम करते है। दिनांक 13 मई को शाम 9 बजे जब वह अपने घर वापस जा रहे थे तभी पीछे से गांव के ही त्रिलोकी पुत्र भाई लाल ने बैट से हमला बोल दिया जिससे पीड़ित को काफी चोटे आई और वह जिंदगी मौत से लड़ रहा है। पीड़ित जिला अस्पताल में भर्ती है पीड़ित की पत्नी ने बताया की जगदीश प्रसाद अभी होश में नहीं है। इसकी शिकायत चायल चौकी में की है। पुलिस कार्यवाही में जुटी है।

### पास्को एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना चरवा पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वाछित अभियुक्त रामानन्द पुत्र शारदा प्रसाद विश्वकर्मा निवासी समसपुर थाना चरवा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# ओवरटेक कर रहे तेज रफ्तार बाइक सवार गड्ढे में गिरे एक की मौत दो लहूलुहान

अखंड भारत संदेश

**इमामगंज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मूरतगंज के सकाड़ा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक ओवरटेक करने के चक्कर में गड्ढे में गिर गए हैं हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई है जबकि बाइक सवार दो अन्य लोगों को गंभीर चोटें आई हैं हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के राहगीर और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए हैं मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे में घायल दोनों लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है हादसे की जानकारी जैसे ही बाइक सवारो के घर तक पहुंची परिवार में कोहराम मच गया है। घटनाक्रम के मुताबिक रिंकू यादव उम्र लगभग 22 वर्ष चमरुपुर कोखराज अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से रोही बाईपास से कानपुर की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह कोखराज थाना क्षेत्र के साकड़ा के पहुंचे तेज रफ्तार बाइक ट्रक को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हो गए और सड़क किनारे गड्ढे में बाइक समेत युवक चले गए तेज रफ्तार

#### कोखराज थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक हादसा



हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद पुलिस और ग्रामीण

बाइक इस दर्दनाक हादसे में रिंकू यादव की मौके पर मौत हो गई हादसे में बाइक सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए हैं सड़क पर तड़प रहे लोगों को देखकर आसपास से गुजर रहे राहगीर और ग्रामीण मौके पर एकत्रित हुए मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया और हादसे में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# भीषण गर्मी में सूख गए तालाब व पोखरें ,पानी को पशु पक्षी बेहाल

अखंड भारत संदेश

#### धुमाई ग्राम सभा के जंगलों में राष्ट्रीय पक्षी मोर बहुतायत में पाये जाते हैं, तालाब पोखरों व अन्य जल स्रोतों में उड़ रही धूल प्यास बुझाने के लिए भटक रहे हैं बेजुबान

**अझुवा कौशाम्बी।** मई माह में पारा 40 सेंटीग्रेड से ऊपर चल रहा है भीषण गर्मी वा तपिश ने मानव ही नहीं पशु पक्षियों को बेहाल कर दिया है वहीं दूसरी तरफ तालाब पोखरों व अन्य जल स्रोतों में धूल उड़ रही है प्यास बुझाने के लिए बेजुबान भटक रहे हैं जिम्मेदार सूखे तालाबों को भरने की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं यही स्थिति रही तो पेयजल संकट से जूझना पड़ेगा आदर्श जलाशय सफेद हाथी साबित हो रहे हैं कड़ा विकासखंड के अधिकांश तालाबों में पानी नहीं है लाखों रुपए से बनाए गए यह तालाब बे मकसद साबित हो रहे हैं ग्रामीणों की मांग है कि तालाबों में पानी उपलब्ध कराया जाए जिससे पशु पक्षियों को तपती गर्मी से राहत एवं हीथस्ट्रोक से बचाया जा सके आपको बताते चलें धुमाई ग्राम सभा के जंगलों में राष्ट्रीय पक्षी मोर बहुतायत में पाये जाते हैं कुछेक वर्षों पूर्व धुमाई जंगल मे भयानक गर्मी के समय तमाम मोर हीथ स्ट्रोक के कारण कॉल कवलित हुये थे तत्कालीन प्रशासन ने मामले को संज्ञान में लेकर तालाब में पानी की व्यवस्था की थी ग्रामीणों ने जिम्मेदारों से तालाबों में पानी भरवाने की मांग की है।




### 55 लीटर शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के अभियान के क्रम में अलग अलग थानो द्वारा चार अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 55 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त शिव पूजन पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी बरौली थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब व राजेश कुमार मौर्य पुत्र श्याम लाल मौर्य निवासी अमिना थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र हरिलाल निवासी दीवर कोतारी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त लालाराम पुत्र रामऔतार निवासी पनारा गोपालपुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

# महीनों से पुलिस की चौखट पर दौड़ने के बाद विवाहिता को नहीं मिला न्याय

अखंड भारत संदेश

#### आरोपी को महिला थाना बुलाने के बजाय महिला थाना पुलिस 20 दिनों से विवाहिता को प्रतिदिन थाने बुलाकर बैठा लेती है

#### विवाहिता को ससुराल और मायके से मिले सोने चांदी के जेवर को उसकी सास ने शादी के 15 दिन बाद ही यह कहकर छीन लिया था की उसने अपनी बेटी से जेवर उधार लेकर के बेटे के शादी में जेवर चढ़ाए हैं

कौशाम्बी। शादी के बाद लगातार तीन साल से ससुराली जनों की प्रताड़ना का शिकार विवाहिता ने जब हौसला नहीं छोड़ा तो ससुराली जन उसकी जान लेने पर आमादा हो गए जिस पर विवाहिता ने अपने मायके में फोन करके मदद मांगी मदद को पहुंचे मायके के लोगों ने विवाहिता को ससुराल से लेकर वापस अपने घर टेवा चले आए और मामले की सूचना मंझनपुर महिला थाना पुलिस को दिया लेकिन आरोपी को महिला थाना बुलाने के बजाय महिला थाना पुलिस 20 दिनों से विवाहिता को प्रतिदिन थाने बुलाकर बैठा लेती है और शाम को कल आने को कह कर वापस कर देती है पीड़ित विवाहिता ने महिला हेल्प डेस्क में भी शिकायत कर मदद मांगी लेकिन वहां भी उसे मदद के नाम पर निराशा मिली पीड़ित विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मदद मांगी लेकिन शिकायती पत्र देने के बाद पीड़ित विवाहिता के शिकायती पत्र को मंझनपुर कोतवाली के पतौना पुलिस चौकी कार्यवाही के लिए भेज दिया लेकिन वहां भी विवाहिता को न्याय नहीं मिल सका बार-बार पुलिस अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर विवाहिता के न्याय मांगने पर पतौना पुलिस चौकी ने आरोपियों को तौर तरीका खोजने का निर्देश दिया जिस पर आरोपियों ने विवाहिता के शिकायत पत्र से पीछा छुड़ाने के लिए 20 दिन बाद कहानी गढ़ कर विवाहिता पर जेवर लेकर चले जाने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दे दी जबकि विवाहिता को ससुराल और मायके से मिले सोने चांदी के जेवर को उसकी सास ने शादी के 15 दिन बाद ही यह कहकर छीन लिया था की उसने अपनी बेटी से जेवर उधार लेकर के बेटे के शादी में जेवर चढ़ाए है। ससुराल पक्ष से तहरीर मिलते ही चौकी पुलिस को मौका मिल गया और आरोपियों पर दबाव बनाने के बजाय विवाहिता के मायके पक्ष पर ही पुलिस दबाव बना रही है। योगीराज में कौशांबी में क्या यही न्याय व्यवस्था है। जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव निवासी नत्थू लाल लोधी ने अपनी बेटी मालती देवी की शादी 3 वर्ष पूर्व इसी कोतवाली क्षेत्र के अदमापुर गांव निवासी विजय सिंह पुत्र देशराज सिंह के साथ हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी लेकिन विवाहिता का पति बेकार निकल गया और विवाहिता को शारीरिक सुख नहीं दे पाया इस बात का उलाहना जब उसने दिया तो दहेज कम लाने का आरोप लगाकर उत्पीड़न शुरू कर दिया कई कई दिनों तक विवाहिता को ससुराल में भोजन नहीं दिया गया भूखी विवाहिता सब कुछ सहन करती रही अत्याचार की हद तो तब हो गई जब अप्रैल महीने में विवाहिता का गला घोट कर उसकी हत्या करने का प्रयास ससुराली जनों ने किया जिस पर विवाहिता ने अपने मायके मदद मांगी विवाहिता के मदद मांगने पर पहुंचे पिता चाचा के साथ वह वापस अपने मायके लौट आई और पुलिस की चौखट पर न्याय की फरियाद करने लगी लेकिन एक महीने से लगातार न्याय को लेकर विवाहिता पुलिस की चौखट पर दौड़ रही है।

# फाइलेरिया की दवा बाटें नहीं सामने खिलाएं : डीएमओ

अखंड भारत संदेश

#### 12 मई से शुरू हुआ अभियान 27 मई तक चलेगा अभियान में जिले के 17 लाख लोग होंगे लाभान्वित

**कौशाम्बी।** जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) अनुपमा मिश्रा ने सभी कार्यरत आशा व स्वास्थ्यकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि फाइलेरिया की दवा मानक के अनुरूप पूरी सतर्कता के साथ अपने सामने ही खिलाएं। अभियान को सफल बनाने के लिए 1619 टीमों को लगाया गया है। एक टीम में दो व्यक्ति तैनात हैं। टीम के सहयोग के लिए 275 सुपरवाइजरों को भी इस अभियान में लगाया गया है। अभियान के दौरान जिले के 17 लाख लोगों को लाभ मिलेगा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉ डी.एस यादव ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्य कोविड के नियमों का पूरी तरह पालन करें। अपने साथ मास्क और सैनेटाइजर जरूर ले जाएं। साथ ही अपने सामने दवा खिलाते समय दो गज की दूरी का अवश्य पालन करें। नेवादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित सिंह ने बताया कि उन लोगों को दवा नहीं देनी है जो खाली पेट है और गर्भवती महिला को। इनके लिए यह दवा खतरनाक साबित हो सकती हैं। यदि किसी को भी दवा खाने के बाद उल्टी आती है तो घबराएं नहीं। वह दो से चार घंटे बाद अपने आप ठीक हो जाता है। यदि न ठीक हो तो अपने क्षेत्र की आशा से सम्पर्क कर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर मौजूद रैपिड रिस्पॉन्स टीम की देखरेख में उनका उपचार किया जायेगा।

**मानक के अनुसार ही लें दवा : कौशाम्बी।** फाइलेरिया की दवा 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और अति गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को नहीं खिलानी है फाइलेरिया की दवाएं पूरी तरह सुरक्षित है। सामान्य रोगों से ग्रसित व्यक्तियों को भी ये दवाएं खानी हैं। सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। फाइलेरिया की दवा लेने के बाद कभी-कभी कुछ हल्की समस्याएं होना स्वाभाविक हो सकती है। हालांकि यह कुछ ही देर बाद स्वतः समाप्त भी हो जाती है। दवा का असर शुरू होते ही सर दर्द, बदन दर्द, बुखार, उल्टी, खजुली, चक्कर या जी मिचलाने जैसी मामूली परेशानी हो सकती है इन लक्षणों से यह प्रतीत होता है कि दवा खाने वाले के व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कृमि मौजूद हैं। सामान्यतः ये लक्षण स्वतः समाप्त हो जाते है परंतु ऐसी किसी भी परिस्तिथि के लिए प्रशिक्षित रैपिड रिस्पॉन्स टीम तैनात है और उन्हें उपचार के लिए तुरंत बुलाया जा सकता है। दवा खाने के बाद उल्टी आ रही है तो उल्टी रोके नहीं बल्कि उल्टी होने के उपरांत अपनी आशा से संपर्क करें। यदि किसी भी व्यक्ति को ज्यादा परेशानी होती है तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क कर सकता है।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में बनाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना शरीरा से 02 थाना महेवाघाट से 02 थाना सराय अकिल से 01 थाना पिपरी से 04 थाना चरवा से 01 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 01 कुल 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है।

**दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना सराय अकील पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शंकर लाल पुत्र सम्पत पासी निवासी बन्थरी थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त राजा तिवारी उर्फ राजा राम तिवारी पुत्र निर्मल चन्द्र तिवारी निवासी वार्ड न० 01 भौतर रोड अझुआ थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है

**गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार : कौशाम्बी।** थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सत्यम गर्ग उर्फ भोंदू पुत्र शिवशंकर निवासी महेवा उपरहार थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 600 ग्राम नाजायाज गांजा बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 69 वाहनों का ई चालान किया गया तथा 01 वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

# नारद जी के व्यक्तित्व से पत्रकारों को सीख लेने की है जरूरत : रमेश

अखंड भारत संदेश

#### पत्रकार राम बदन भार्गव ने कहा वर्तमान परिपेक्ष्य में पत्रकारिता की दिशा और दशा काफी बदल चुकी है ।

#### नारद जयंती पर पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिला मुख्यालय मंझनपुर स्थित विकास भवन के सरस हाल में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा नारद जयंती का आयोजन किया गया जिसमें आत्मनिर्भर भारत में पत्रकारों की भूमिका पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला गया आदि पत्रकार महर्षि नारद जयंती पर आयोजकों द्वारा पत्रकारों को सम्मानित किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर एस एस के काशी प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा कि आदि पत्रकार नारद जी के व्यक्तित्व से पत्रकारों को सीख लेने की आवश्यकता है निष्पक्ष और निर्भीक होकर सत्य का उजागर करना पत्रकार का दायित्व है भले ही इसके लिए इस जोखिम के लिए पत्रकार के प्राण भी चलेगा। नारद जयंती के अवसर पर उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुहिम में समाज का विधायक मंत्री हो निष्पक्ष और निर्भीक लेखनी चलाने वाले पत्रकारों के साथ खड़े होने की आवश्यकता है उन्होंने सकारात्मक पत्रकारिता पर जोर देते हुए कहा कि नकारात्मक पत्रकारिता से बचने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि ऐसी खबरों से परहेज करना चाहिए जिससे समाज में नकारात्मक सोच को बढ़ावा मिले उन्होंने कहा कि पीड़ित शोषित जरूरतमंद व्यक्ति की आवाज पत्रकार बुलंद करते हैं इसीलिए सबसे संवेदनशील काम पत्रकारिता है उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए सबसे बड़ी भूमिका पत्रकारों की है नारद जयंती के अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए रमेश जी ने कहा कि छोटे छोटे छोटे छोटे होनहार के द्वारा आगे बढ़ने वाले लोगों के अनुकरणीय प्रसंगों को अपनी लेखनी के माध्यम से समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनलो में जगह देने की जरूरत है जिनसे प्रेरणा लेकर दूसरे उत्साही युवक आगे बढ़ कर आत्मनिर्भर बन सके उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति आत्मनिर्भर होगा तो समाज आत्मनिर्भर होगा ,और समाज की आत्मनिर्भरता पर भारत आत्मनिर्भर होगा और देश को विश्व गुरु का खिताब मिल सकेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में यूनीवार्ता के पत्रकार राम बदन भार्गव ने कहा वर्तमान परिपेक्ष्य में पत्रकारिता की दिशा और दशा काफी बदल चुकी है मिशन का स्थान व्यवसायिकता ने ले लिया है उन्होंने कहा कि महर्षि नारद जयंती पर संकल्प लेने की आवश्यकता है कि हम नारद भले ही न बन सके लेकिन आदि पत्रकार महर्षि नारद का आंशिक अनुकरण करते हुए सत्य निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक खबरों को उजागर कर समाज का और राष्ट्र का हित कर सकें। उन्होंने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण के लिए सकारात्मक एवं रचनात्मक पत्रकारिता की जरूरत है। सरकार का भी दायित्व है कि वह पत्रकारों के संरक्षण संवर्धन पूरे मनोयोग के साथ करें जिससे सत्य और न्याय को बल मिले।

संपादकीय

# तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी

**मई** के महीने में इतनी अधिक गर्मी चिंता का विषय है और यह दशार्ता है कि तापमान में निरंतर बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। गंगानगर, हनुमानगढ़ लू के थपेड़ों से लगातार तप रहा है, पशु-पक्षियों के साथ ही मनुष्य का बुरा हाल है। गंगानगर, हनुमानगढ़ ही नहीं संपूर्ण उत्तर पश्चिम भारत गर्म हवाओं का सामना कर रहा है। हालांकि देश के अन्य कई हिस्सों में साइक्लोन (चक्रवात) के असर से कुछ राहत है। पिछले कुछ वर्षों के मौसम का यदि अध्ययन किया जाए तो हम पायेंगे कि धरती पर गर्मी की मात्रा लगातार बढ़ी है। तापमान बढ़ने से पर्यावरण पर बहुत असर पड़ा है। मौसम विभाग समय समय पर मौसम को लेकर अपडेट(ताजा जानकारी) जारी करता रहता है। वर्तमान में भी भारत के जिन भी स्थानों पर लू या गरम हवाएं चलने और तापमान बढ़ने की संभावना है , वहां की स्थिति पर मौसम वैज्ञानिकों, मौसम विभाग की नजर है । मौसम विभाग ने हाल ही में दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों में एक बार फिर भीषण गर्मी और लू चलने को लेकर चेतावनी जारी की थी । बताया गया था कि दिल्ली - एनसीआर, हरियाणा व राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में आगामी दिनों के दौरान मौसम झुलसाने वाला व अधिक गर्मी वाला रहेगा । राजस्थान , मध्य प्रदेश और हरियाणा के कुछ हिस्सों के लिए रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। वर्तमान में भारत के उत्तर पश्चिम राज्यों में तापमान पैंतालीस से पचास डिग्री सेल्सियस तक हो गया है। बढ़ता तापमान मनुष्य समेत धरती के प्राणियों के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। तापमान में बढ़ोतरी से अनेक तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं , इसलिए लोगों का यह प्रयास और कोशिश होनी चाहिए कि वे गर्मी से बचाव करें।बच्चों को लेकर विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। बुजुर्गों को भी गर्मी के मौसम में विशेष ध्यान रखना चाहिए। गर्मी को देखते हुए हमें चाहिए कि हम बाहर की गतिविधियों को कम करें। मतलब कि दोपहर बारह बजे से शाम के चार बजे तक तो घर से बाहर ही नहीं निकलें। जरूरत हो तभी घर से बाहर निकलें।तप्त हवाएं, लू हमारे स्वास्थ्य को बिगाड़ सकती हैं। इसमें कोई दोराय नहीं कि साल 2022 दुनिया के इतिहास के सबसे गर्म वर्षों में एक हो जाए। यह लेखक कहीं पढ़ रहा था कि भारत में इस साल के पहले चार महीने ऐतिहासिक रूप से सर्वाधिक गर्म साबित हुए हैं। यह अत्यंत गंभीर व सोचनीय विषय है कि कई वर्षों के मुकाबले इस बार मार्च, अप्रैल और मई के महीनों में इतनी भीषण गर्मी पड़ी है , जिसने जून के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है। शरीर को झुलसा देने वाली गर्मी , सूरज का बढ़ता पारा और लू के थपेड़ों से न केवल मनुष्य , बल्कि पशु-पक्षियों और जीव - जंतुओं , सभी का हाल-बेहाल है। पक्षियों के लिए पानी के परिंडों व पशुओं के लिए पानी की खेल होने के बावजूद उनको भीषण गर्मी सता रही है। वास्तव में, सूरज का पारा दिन प्रतिदिन बढ़ने का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान को ही ग्लोबल वार्निंग कहते हैं। धरती पर ग्रीन हाउस गैसों की अधिकता हो गई है।ग्लोबल वार्मिंग या धरती का तापमान बढ़ने का शाब्दिक अर्थ यह है कि कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो आक्साइड जैसी गैसों और वातावरण में जमा होते जा रहे अनेक वायु प्रदूषकों की एक परत हमारे ग्रह धरती के ऊपर लगातार मोटी होती चली जा रही है।

# फग्गन सिंह कुलस्तेः प्रभावी राजनेता एवं आदिवासी उन्नायक

ललित गर्ग

कुलस्ते सांसद के साथ-साथ अनेक संस्थाओं एवं गतिविधियों से जुड़े हैं। वे अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष हैं। वे भाजपा (अ.ज.जा. प्रकोष्ठ) 1993, राष्ट्रीय सचिव (प्रभारी) एवं भाजपा (अ.ज.जा. प्रकोष्ठ) 1996, उपाध्यक्ष भी रहे हैं। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् दिल्ली एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद्, मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, 2004 एवं 2010 (दो कार्यकाल), भाजपा, मध्यप्रदेश, 2006-2010 (दो कार्यकाल) महासचिव रहे

भारतीय राजनीति में सादगी, कर्मठता, ईमानदारी एवं राजनीतिक कौशल से अपनी जगह बनाने वाले एवं आदिवासी जनजीवन के लिये उजाला बनने वाले फग्गन सिंह कुलस्ते वर्तमान राजनीति के एक प्रभावी एवं सक्षम राजनेता है। वे अपनी प्रभावी एवं शालीन भूमिका से देश के आदिवासी जन-जीवन के उत्थान एवं उन्नयन की एक बड़ी उम्मीद बने हैं। कुलस्ते एक ऐसे प्रभावी, कठोर, जुझारु, चमत्कारी एवं राजनीति व्यक्तित्व हैं जिन्होंने एक बार नहीं, बल्कि अनेक बार सांसद बनकर अपने राजनीतिक वजूद, कौशल एवं आमजनता पर अपनी पकड़ का परिचय दिया है। वे धैर्य, लगन, आत्मविश्वास, दृढ़ संकल्प, राजनीतिक कौशल के साथ खुद को बुलन्द रखते हैं, जिससे उनके राजनीतिक रास्ते से बाधाएं हटती ही है और संभावनाओं का उजाला होता ही है। चुनौतीभरे रास्तों में समूचे राष्ट्र में आदिवासियों के लिये उजाले के प्रतीक बनने वाले कुलस्ते का व्यक्तित्व राजनीति की प्रयोगशाला में तपकर और अधिक निखरा है। कुलस्ते एक जुझारु एवं कर्मठ राजनीतिज्ञ तथा वर्तमान में केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री, भारत सरकार हैं। वे जुलाई 2016-सितंबर 2017 तक केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री रहे, नवंबर 1999-मई 2004 तक वे जनजातीय मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री बने और अक्टूबर- नवंबर 1999 में कुलस्ते संसदीय कार्य राज्य मंत्री बनाए गए। वे भारत की सत्रहवीं लोक सभा के सांसद हैं। 2019 के चुनावों में वे मध्य प्रदेश के मण्डला से निर्वाचित हुए। वे भारतीय जनता पार्टी से संबद्ध हैं और अपने क्षेत्र के साथ-साथ समूचे आदिवासी क्षेत्रों में भाजपा की आवाज को पहुंचाने वाले सक्षम एवं कार्यक्षम व्यक्तित्व है।

फग्गन सिंह कुलस्ते जितने प्रभावी राजनेता है उतने ही प्रखर समाजसेवी एवं शिक्षासेवी है। समाज में शिक्षा का प्रसार करने के लिए कार्य करना, कई समितियां गठित करके आदिवासियों को अपने अस्तित्व एवं सांस्कृतिक कार्यकलापों से जुडे. रखने के लिए प्रोत्साहित करना, शैक्षिक संस्थाओं के संस्थापक और व्यवस्थापक, समाज के कमजोर वर्गों के लोगों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना, आदिवासियों के उत्थान और शिक्षा के प्रसार के लिए बाबलिया विकास खंड की स्थापना आदि कुलस्ते के कार्यक्षेत्र है। फग्गन सिंह कुलस्ते जमीनी स्तर से



कार्य करते हुए, भारत की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के प्रमुख आदिवासी नेता के तौर पर उभरे हैं। वे सफल संगठनकर्ता एवं राजनीति कौशल के महारथि हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार के मंत्री कद्दावर नेता कुलस्ते लम्बे समय से अपनी सारी शक्ति, सोच एवं ऊर्जा आदिवासी उत्थान एवं उन्नयन में खपाते रहे हैं। निश्चित ही उनके हर दिन के प्रयत्न से आदिवासी समुदाय में कुछ नया उत्साहपूर्वक परिवेश बनता रहा है, वे एक जुझारू एवं जमीन से जुड़े नेता हैं। उनका राजनीतिक वजूद विलक्षण एवं अद्भुत है, जनता पर उनकी पकड़ है। उनकी स्वतंत्र सोच है, जीत किस तरह सुनिश्चित की जा सकती है, यह गणित उन्हें भलीभांति आता है। यही कारण है कि कुलस्ते लगातार सांसद बनते रहे हैं, पहले 11वीं, 12वीं, 13वीं, 14वीं, 16वीं और 17वीं लोकसभा के सदस्य रह चुके हैं। वे 2012 में राज्यसभा के लिए चुने गए।

कुलस्ते सांसद के साथ-साथ अनेक संस्थाओं एवं गतिविधियों से जुड़े हैं। वे अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष हैं। वे भाजपा (अ.ज.जा. प्रकोष्ठ) 1993, राष्ट्रीय सचिव (प्रभारी) एवं भाजपा (अ.ज.जा. प्रकोष्ठ) 1996, उपाध्यक्ष भी रहे हैं। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् दिल्ली एवं अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद्, मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा, 2004 एवं 2010 (दो कार्यकाल), भाजपा, मध्यप्रदेश, 2006-2010 (दो कार्यकाल) महासचिव रहे, अखिल भारतीय गोंड संघ, 1998 से संरक्षक हैं।

फग्गन सिंह कुलस्ते का जन्म 18 मई 1959 को मध्य प्रदेश के मंडला में हुआ था। कुलस्ते के पास एमए, बीएड और एलएलबी की डिग्री है। उन्होंने अपनी पढ़ाई मंडला कॉलेज, डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से पूरी की। कुलस्ते ने सावित्री कुलस्ते से शादी की है और उनकी 3 बेटियां और 1 बेटा है। कुलस्ते का जीवन राजनीतिक जज्बों, प्रयोगों एवं संघर्षों से भरा रहा है। ऐसा लगता है वे आदिवासी राजनीति के लिये ही बने हैं, वे आदिवासी राजनीति के महारथि एवं महायौद्धा हैं। उन्होंने चुनौतियों को अवसर में बदलने की महारथ हासिल की है। कुलस्ते आधुनिक तकनीक एवं साधनों का प्रयोग करते हुए अपने मंत्रालय को सक्रिय किये हुए हैं। वे ऐसी अनूठी एवं विलक्षण शख्सियत हैं जिनके दम पर आदिवासी जनजीवन का नया भविष्य तलाशा जा रहा है। वे कई सालों से राजनीति में हैं और राजनीति के दांव पेच से अच्छे से वाकिफ हैं। उनके सामने चाहे कैसी भी परिस्थिति हो लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। आज आदिवासियों में जो उनका मुकाम है उसे हासिल करने के लिए उन्होंने अपने जीवन में खूब मेहनत की है, अनेक संघर्षों में तपकर-खपकर निखरे हैं। कुलस्ते मध्यप्रदेश के आदिवासियों के लिये ही एक नया सवेरा, नई उम्मीद और नई प्रेरणा बनकर नहीं उभरे, बल्कि देश के समूचे आदिवासी जनजीवन के लिये भी एक नई प्रेरणा सिद्ध हुए हैं।

फग्गन सिंह कुलस्ते टेढ़े-मेढ़े, उबड़-खाबड़ रास्तों से गुजरते हुए, संकरी-पतली पगडंडियों पर चलकर भाजपा-भावना से आदिवासियों की शक्ति बने हैं। वे किसी पद या जिम्मेदारी लेने की दौड से स्वयं को दूर रखते रहे हैं, उन्होंने कहा भी है कि हमारे यहां कोई व्यक्ति खुद से किसी दौड़ में शामिल नहीं होता। भाजपा में जिम्मेदारी दी जाती है। वे भाजपा की राजनीति को मूल्यों एवं राष्ट्रीयता से प्रेरित राजनीति मानते हैं। उन्होंने कहा भी है कि हम देश बनाने के लिये काम करते हैं, मातृभूमि का वैभव अक्षुण्ण रखना चाहते हैं। ऐसे ही सक्रिय होकर काम करने वाले नेताओं एवं कार्यकताओं से ही भाजपा मजबूत बनी है। ऐसे ही नेताओं के चरित्र एवं साख से देश की अधिसंख्य जनता को पता चला है कि भाजपा की राष्ट्रीयता से प्रेरित राजनीति के मायने क्या-क्या हैं? भले ही कुलस्ते आज सफल राजनीतिक शख्सियतों में शुमार किये जाते हों, लेकिन राजनीतिक जीवन ने उन्हें कई थपेड़े दिये, कई बदरंग जीवन की तस्वीरों से बार-बार रू-ब-रू कराया और इन थपेड़े एवं भौंथरी तस्वीरों ने उन्हें झकझोरा भी - जीवन को हिला भी दिया लेकिन उतना ही निखारा भी।

राष्ट्रवाद के परिकल्पनात्मक स्वरूप को अगर भाजपा देश की जनता के हृदय तक पहुंचाने में कामयाब रही है तो इसका श्रेय काफी हद तक नरेन्द्र मोदी, अमित शाह एवं जेपी नड्डा के नेतृत्व में कुलस्ते जैसे नेताओं को ही जाता है। उन्होंने देश के लोगों में भाजपा के लिये सकारात्मक वातावरण बनाने की दिशा में जो प्रयत्न किये हैं, निश्चित ही उसके प्रभावी परिणाम देखने को मिलें है और मिलते रहेंगे। देश में भाजपा ने आदिवासियों की विधिवत परवाह की है और उन्हें अपने भविष्य को लेकर किसी प्रकार की चिंता से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अनेक अवसरों पर आदिवासी कल्याण एवं उन्नत जीवन के संकल्प को दोहराया है और अनेक बहुआयामी योजनाएं शुरू की है। आजादी के आंदोलन के दौरान से ही जनसेवा की भावना राजनीतिक कर्म में समाहित रही है। इसलिए राजनीति का आज भी दावा है कि वह जनसेवा का ही माध्यम है। लेकिन हाल के कुछ वर्षों में जनसेवा के लिए सत्ता का नया आयाम जुड़ गया है।

# समान नागरिक संहिता और मुस्लिम महिलाएं

**डॉ. सौरभ मालवीय**

समान नागरिक संहिता को लेकर देशभर में एक बार फिर से बहस जारी है। देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात बार-बार उठती रही है, परन्तु इस पर विवाद होने के पश्चात यह मामला दबकर रह जाता है। किन्तु जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की वापसी हुई है, तब से यह मामला फिर से चर्चा में है। जहां भाजपा इसे देशभर में लागू करना चाहती है, वहीं मुस्लिम संगठन इसका कड़ा विरोध कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुस्लिम समाज में विवाह कानूनों को लेकर ब्रिटिश शासनकाल से ही विवाद होता रहा है, क्योंकि मुसलमानों में बहु पत्नी प्रथा का चलन है। शरीयत के अनुसार पुरुषों को चार विवाह करने का अधिकार है। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय होगी, यह सर्वविदित है। पति जब चाहे पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से निकाल देता है। ऐसी स्थिति में महिला का जीवन नारकीय बन जाता है। शाह बानो प्रकरण ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा था। वर्ष 1978 में शाह बानो नाम की वृद्धा को उसके पति ने तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया था। उसके पांच बच्चे थे। पीड़ित महिला के पास जीविकोपार्जन का कोई साधन नहीं था। उसके पति ने उसे गुजारा भत्ता देने से स्पष्ट इनकार कर दिया था। इस पर महिला ने न्यायालय का द्वार खटखटाया। इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचने में सात वर्ष लग गए। वर्ष 1985 में सर्वोच्च न्यायालय ने उसके पति को निर्देश दिया कि वह अपनी तलाकशुदा पत्नी को जीविकोपार्जन के लिए मासिक भत्ता दे। न्यायालय ने यह निर्णय अपराध दंड संहिता की धारा-125 के अंतर्गत लिया था। विदित रहे कि अपराध दंड संहिता की यह धारा सब लोगों पर लागू होती है चाहे वे किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय से संबंध रखते हों। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति बेहतर हो जाती, परन्तु कट्टरपंथियों को यह सहन नहीं हुआ और उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय का कड़ा विरोध किया। उन्होंने ऑल इंडिया पर्सनल लॉ बोर्ड नाम की एक संस्था का गठन किया तथा सरकार को देशभर में आन्दोलन करने की चेतावनी दे डाली। परिणामस्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी कट्टरपंथियों के आगे झुक गए था तथा उनकी सरकार ने 1986 में संसद में कानून बनाकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया। इससे शाह बानो के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया। मानवता के नाते जिस समाज को वृद्धा की सहायता करनी चाहिए थी, वही उसका शत्रु बन गया। आज भी यही स्थिति है। मुस्लिम समाज में शाह बानो जैसी महिलाओं की कमी नहीं है। मुस्लिम समाज में ऐसे मामले सामने आते रहते हैं कि पति ने तीन तलाक कहकर पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया। ऐसी स्थिति में पीड़ित महिला का कोई साथ नहीं देता। मुस्लिम समाज की महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पहले भाजपा सरकार ने तीन तलाक को रोकने का कानून बनाया और अब समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रयासरत है। भाजपा ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के अपने घोषणापत्र में वादा किया था कि यदि भाजपा सत्ता में आती है, तो देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। वर्ष 1998 में भी भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने का वादा किया था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि भाजपा शासित राज्यों में सामान नागरिक संहिता कानून लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में चुनाव से ठीक पहले हमने समान नागरिक संहिता कानून लाने की घोषणा की थी। अब इसे विधानसभा से पारित करके कानून बना लिया जाएगा। इसी प्रकार अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी इसे लागू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने के लिए शीघ्र ही एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा और राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द को किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होने दिया जाएगा। वहीं उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि इसे देश-प्रदेश में लागू किया जाना चाहिए, ऐसा करना अत्यंत आवश्यक है।

उनका यह भी कहना है कि प्रदेश सरकार समान नागरिक संहिता कानून लागू करने पर विचार कर रही है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में समान नागरिक संहिता को लागू करने के बारे में सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं के लिए एक सम्मान का विषय है।

चिंतन

## पाक क्रिकेट को भारत से मदद मिलनी हो बंद

**आर.के. सिन्हा**

**यह** कोई पुरानी बात नहीं है जब क्रिकेट को लेकर कहा जाता था कि यह भारत में धर्म के समान है। क्रिकेट देश को जोड़ता है। यह जाति, मजहब, वर्ग, लिंग की दीवारों को ध्वस्त करता है। पर नब्बे के दशक में क्रिकेट में सट्टेबाजी में अजय जड़ेजा, मनोज प्रभाकर, मोहम्मद अजहरउद्दीन जैसे भारतीय खिलाड़ियों और कई विदेशी खिलाड़ियों के फंसने के बाद करोड़ों क्रिकेट प्रेमी घोर निराश अवश्य हुए थे। उन्हें लगा था कि क्रिकेट में अब कोई पवित्रता नहीं रही। पर वक्त गुजरने के साथ ही क्रिकेट को लेकर भारत में क्रेज पहले की तरह ही हो गया। फिर से भारत की जीत पर देश खुश होने लगा और पराजय पर उदास। बेशक, क्रिकेट प्लेयर्स को लेकर करोड़ों क्रिकेट के दीवाने जान निसार करते हैं। पर जरा गौर करें कि यह सब तब हो रहा है जब क्रिकेट में शर्तें लगनी या यूँ कहें कि सट्टेबाजी खूब जमकर होने लगी है। अब जरा देखिए कि भारत में घुड़सवारी को छोड़कर सारे खेलों की सट्टेबाजी पर बैन है। पर इसके बावजूद क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टेबाजी (बेटिंग) का बाजार गरम रहता है। विडम्बना यह है कि एक तरफ तो हम पाकिस्तान के खिलाड़ियों को इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) में खेलने पर बैन लगाते हैं; एक तरफ तो उन्हें अपने देश में आतंक और अशांति फैलाने के लिए जी भर के कोसते हैं और दूसरी तरफ उनकी क्रिकेट, जिसका आधार उनकी पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) है, उसे स्पांसर हम भारतीयों के पैसे से ही किया जाता है। एक वेबसाइट ये खुलकर कहती है कि हम बेट्टिंग वेब साइट है। इसके लगभग 70 फीसदी ग्राहक भारतीय हैं। यानी कि इनकी कमाईं का सबसे बड़ा सहारा हम भारतीय ही हैं। हम से पैसा कमा के ये हमारे दुश्मन मुल्क कि क्रिकेट का सहारा बन बैठी है; पाकिस्तान की वैश्विक छवि निखारने में मदद करती है। यह बताना जरूरी है कि पाकिस्तान सुपर लीग की कुल वैल्यूशन 2,640 करोड़ रूपए आंकी गई है। यही नहीं, इसी 247.ल्ली३ ने पाकिस्तान-दक्षिण अफ्रीका की पिछले साल अबु धाबी में खेली गयी टी20 श्रृंखला को हम भारतीयों के पैसे से ही स्पांसर किया था। यह जानकार किसी भी राष्ट्र भक्त स्वाभिमानी भारतीय के तन बदन में आग लग सकती है। कितनी बड़ी है यह वेबसाइट। यह जानने के लिए उसके होम पेज पर जाना चाहिए। इसमें उन तमाम सीरिज का नाम है जो इस वेबसाइट ने सिर्फ. पिछले दो सालों में प्रायोजित की हैं। जैसे कि श्रीलंका प्रीमियर लीग, यूएई और आयरलैंड के बीच खेली गयी एक दिवसीय सीरिज। इसके अलावा दुनिया भर के टी10 और टी20 टुनार्मेंट और यहाँ तक की भारतीय क्रिकेट टीम का पिछले साल 2021 का श्रीलंका का दौरा भी शामिल है। सुनने को तो यह भी खबर आयी थी की बॉलीवुड के सबसे चमकीले प्रोग्राम आईफा अवाड्र्स भी अबु धाबी में यही वेबसाइट स्पांसर कर रही है। अब हम सब जानते हैं की आईफा अवाड्र्स के आयोजन में कई सौ करोड़ रुपय खर्च होते है। साफ है कि इस वेबसाइट की भारत से मोटी कमाई होती है। हैरानी की बात यह है की यह बेवसाइट सिर्फ. दो साल पहले ही रजिस्टर हुई है। दो साल में इतनी कमाई। और वो भी हमारे पैसे से हमारे ही दुश्मन देश को फलने फूलने में मदद करती हो। यह काफी दुखदायक है। इन सब बातों के बाद एक सवाल बरबस किसी के मस्तिष्क में कौंध उठता है। क्या ऑनलाइन सट्टेबाजी भारत में कानूनी रूप से वैध है? भारत में सट्टेबाजी के खिलाफ कार्रवाई तब ही हो सकती है जब पुलिस सट्टेबाजों को सट्टेबाजी करते हुए रंगे हाथों पकड़े। लेकिन, आई.टी. मंत्रालय इस बेबसाइट को भारत में बैन करके भारतीयों को सट्टेबाजी से बचा तो सकता ही है। इस बीच, दिल्ली हाई कोर्ट ने 27 नवंबर, 2019 में एक मुकदमे में अपना पल्ला झड़ते हुए सरकार से कहा था कि वो बताएँ कि वो ऑनलाइन सट्टेबाजी पर क्या सोच रखती है। इन सारे मसले पर तब केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय का जवाब था कि वह ऐसी वेबसाइट पर रोक नहीं लगा सकते जो विदेश से संचालित हो। यह भी बताना जरूरी है कि खेलों की ऑनलाइन सट्टेबाजी खिलवाने वाली यह वेबसाइट वेस्ट इंडीज के कूराकाओ टापू देश से संचालित होती है ।

# उप्र 2027 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकता है?

**प्रो. यशवीर त्यागी**

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य को वर्ष 2024 -25 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया था। इसके लिए रोड मैप सुझाने के लिए सलाहकार की सेवाएं लेने का निर्णय लिया गया। सरकार ने 19 जून, 2020 को निविदाएं और ह्यप्रस्ताव के लिए अनुरोधह्न (फ्रह्ळ) के लिए नोटिस जारी किया और 10 सितंबर, 2020 को एक संशोधित आरएफपी जारी किया गया। 22 मार्च 2021 को सरकार ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए यह कहकर कि "इस संबंध में नई निविदा सूचना जल्द प्रकाशित होने की संभावना है"- सम्पूर्ण प्रक्रिया को रद्द कर दिया। अब 15 मार्च, 2022 को एक सलाहकार की सेवाओं को काम पर रखने के लिए पुनः निविदाएं आमंत्रित करते हुए नया नोटिस जारी किया गया है। लेकिन लक्ष्य की समय सीमा 2020-25 से बदलकर 2022-27 कर दिया गया है। निविदाएं 25 मई, 2022 को खोली जाएंगी और उसके बाद सलाहकार के चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 21 फरवरी 2018 को पहली बार 'यू.पी. इन्वेस्टर्स समिट' में प्रधानमंत्री मोदी ने यह विचार व्यक्त किया कि महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर आकार की पहली राज्य अर्थव्यवस्था का दर्जा पाने में एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। जुलाई 2019 में प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि भारत अगले पांच वर्षों में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके तुरंत बाद यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घोषणा की, कि इस राष्ट्रीय उद्देश्य को प्राप्त करने में योगदान देने के लिए यूपी को भी ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का प्रयास करेंगे। तब से, केंद्र और राज्य दोनों के नेताओं और सरकारी पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर इस उद्देश्य का उल्लेख किया जाता रहा है। यह विश्वास भी व्यक्त किया गया कि राज्य में इस उद्देश्य को प्राप्त करने की क्षमता है। यह भी कहा जा रहा है कि भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का राष्ट्रीय उद्देश्य तब तक प्राप्त नहीं किया जा सकता जब तक कि यूपी एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था नहीं बन जाता है। वर्तमान में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में यूपी का हिस्सा लगभग 8% है। इसे बढ़ाकर 20% करना होगा, यदि यूपी और भारत दोनों को क्रमशः 1 ट्रिलियन डॉलर और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हासिल करना है। कार्य की कठिन प्रकृति और महती लक्ष्य को देखते हुए विशेष रूप से यूपी के संदर्भ में, इस मुद्दे को वास्तविकता के धरातल पर पूरी तरह से जांच-परख करने की आवश्यकता है।

**लक्ष्य के निहितार्थ और व्यवहार्यता-** सर्वप्रथम एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के अर्थ और निहितार्थ को स्पष्ट रूप से समझना होगा। संशोधित समय-सीमा में आधार और लक्ष्य वर्ष क्रमशः 2021-22 और 2026-27 हैं। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि लक्ष्य डॉलर के संदर्भ में है जबकि जीएसडीपी (सकल राज्य घरेलू उत्पाद) रुपये में मापा जाता है और इसलिए इसे डॉलर में परिवर्तित किया जाना है। इस कारण रुपया-डॉलर विनिमय दर अतिमहत्वपूर्ण हो जाती है। समझने वाली आखिरी बात यह है कि जीएसडीपी (वर्तमान कीमतों पर) के नामिक मूल्य को लक्ष्य तिथि तक बढ़ाकर एक ट्रिलियन डॉलर करना है। इन मापदंडों को देखते हुए आइए अब हम 2027 तक एक ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की व्यवहार्यता की जांच करें। आर्थिक सांख्यिकी निदेशालय (ऊ१र) योजना विभाग, यूपी सरकार द्वारा किए गए नवीनतम अनुमानों के अनुसार यूपी (सन्दर्भः राज्य आय के अग्रिम अनुमानों (2021-22) की प्रेस विज्ञप्ति) की सकल राज्य घरेलू उत्पाद का मूल्य वर्ष 2021-22 के लिए 19.10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

## जीवन जीने का लक्ष्य मानव कल्याण हो तो बेहतर

**संजीव**

मनुष्य में जीवन जीने की तृष्णा होनी चाहिए। जीवन में आकस्मिकता परिवर्तनशीलता और निरंतर विकास की संभावनाओं की तलाश होती रहनी चाहिए। जो मनुष्य जीवन मानव जाति एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए जीता है वह जीवन को सार्थकता की ओर अग्रसर करता है। शास्त्रों में पुनर्जन्म की व्याख्या की गई है यदि इस जन्म अच्छा कार्य करेंगे तो अगले जन्म आपको पुनः मनुष्य की योनि प्राप्त होगी और आप फिर से मनुष्य के रूप में जन्म लेंगे, पर मेरा यह मानना है की वर्तमान जीवन ही पहला और अंतिम जीवन है।इसलिए आने वाले जन्मों की परिकल्पना में यथार्थ से दूर भागना एक मिथ्या की तरह है। वर्तमान जीवन ही यथेष्ट है और इस जीवन में ही सर्वश्रेष्ठ अवदान देकर इस जीवन को मानव जीवन के कल्याण एवं सामाजिक व्यवस्था की बेहतरी के लिए किया गया कार्य ही जीवन की सफलता होगी। व्यक्ति के जीने के अलग-अलग दृष्टिकोण और उद्देश्य हो सकते हैं अलग-अलग लक्ष्य की प्राप्ति भी मनुष्य के जीवन की अवधारणा हो सकती है, कोई आर्थिक लाभ एवं धन उपार्जन को अपने जीवन का लक्ष्य मानकर चलता है, और कोई इज्जत आबरु और सम्मान के प्रति आकर्षण में बंध कर राजनीति के उच्चतम शिखर पर पहुंचने की कामना के प्रयास में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करने के प्रयास में रहता है। कोई विज्ञान के प्रति, कोई व्यवसाय के प्रति, कोई कला के प्रति, कोई संस्कृति के प्रति जीवन जी कर लोगों से आगे निकलने का प्रयास करता है। जीवन के लक्ष्य जो भी हो पर उसमें प्रयासों की शुद्धता एवं सार्थकता सबसे ज्यादा मायने रखती है। मनुष्य को जिंदगी में उच्च मनोबल साहस संयम और तपस्या के साथ अपने जीवन के उद्देश्यों की पूर्ति का प्रयास करना चाहिए। जीवन में कार्य करने की प्रेरणा समसामयिक परिस्थितियों से जूझने की इच्छा शक्ति एवं असफलता में ना घबराने तथा प्रयास के लिए सदैव तत्पर रहने की अदम्य जिजीविषा के साथ संघर्ष में विजयी होने की कामना भी होनी चाहिए।

## हार के बाद केएल राहुल का बयान आया सामने, कहा- हम पावरप्ले में ही हार गए

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) के स्ट्राइकर काइलन एमबापे को उनके करियर में तीसरी बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में एमबापे अपने भविष्य को लेकर पूछे गए सवालों को टाल गए।



पीएसजी के साथ उनका अनुबंध अगले महीने समाप्त हो रहा है और माना जा रहा है कि इसके बाद वह रीयाल मैड्रिड से जुड़ेंगे। एमबापे ने फ्रांसीसी लीग में सर्वाधिक 25 गोल करके पीएसजी को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने सभी प्रतियोगिताओं में कुल 36 गोल किए। इस 23 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने इससे पहले 2019 और 2021 में भी लीग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार हासिल किया था।

## गैरी कर्स्टन ने की ऋद्धिमान साहा की तारीफ, कहा- वह हमारे लिए अहम खिलाड़ी

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा ने मैच जिताऊ अर्धशतकीय पारी खेली। इस मैच में साहा ने 57 गेंदों का सामना करते हुए 67 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और एक छक्का लगाया और टीम को जीतकर दिलाकर ही पवेलियन लौटे। इस पारी के बाद गैरी कर्स्टन ने साहा के बल्लेबाजी की तारीफ की है।



गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक गैरी कर्स्टन ने रविवार को ऋद्धिमान साहा की तारीफ करते हुए कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल को अच्छी तरह समझता है और शॉर्ट गेंद के खिलाफ 'शानदार' है। गुजरात टाइटंस ने साहा के नाबाद 67 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से हराकर 'क्वालीफायर एक' में अपनी जगह पक्की कर ली। साहा ने नाबाद 67 रन बनाए। कर्स्टन ने मैच के बाद कहा कि जाहिर तौर पर हम साहा काफी प्रभावित हैं। उनका (साहा) टीम में होना शानदार है। वह एक पेशेवर है। और उन्हें आईपीएल और क्रिकेट के सभी प्रारूपों का अच्छा अनुभव है। साहा अपने खेल को समझते है और पावर-प्ले में वास्तव में अच्छा खेलते हैं। हमारे लिए वह हमेशा एक अहम खिलाड़ी रहे है। जब हमें उनकी जरूरत थी और उन्होंने जिम्मेदारी के साथ अच्छा प्रदर्शन किया।

## हार का सिलसिला तोड़ने और प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने उतरेगा हैदराबाद

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद को यदि अगर-मगर की कठिन डगर पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने की धुंधली उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ होने वाले मैच में अपनी लगातार पांच हार का सिलसिला तोड़ना होगा। सनराइजर्स ने लगातार पांच जीतने के बाद लगातार पांच मैच गंवाए हैं।

यदि वह अपने बाकी बचे दोनों मैच जीत जाता है तो उसके 14 अंक हो जाएंगे लेकिन प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे अन्य टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम की प्रार्थना करनी होगी। लेकिन यदि वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले मैच में उसे हार का सामना करना पड़ता है तो वह निश्चित तौर पर बाहर हो जाएगा, क्योंकि सात टीम के 12 या इससे अधिक अंक हैं। हैदराबाद को बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। कप्तान केन विलियमसन इस सत्र में रन बनाने के लिये जूझते रहे हैं। उन्होंने 12 मैचों में केवल 208 रन बनाये हैं। उन्हें अपने असली रंग में लौटने की जरूरत है। मुख्य कोच टॉम मूडी ने खराब फॉर्म में चल रहे विलियमसन से पारी की शुरुआत करवाने के फैसले का बचाव किया था और न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी को अपने कोच को सही साबित करना होगा। उनके सलामी जोड़ीदार और पिछ्ले मैच में 43 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। उन्हें हालांकि तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर मुंबई के मजबूत आक्रमण से कड़ी चुनौती मिलेगी।

# ऐतिहासिक जीत के बाद श्रीकांत बोले- यह करियर की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि में से एक

**बैंकाक।** भारतीय बैडमिंटन टीम की थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में से एक किदाम्बी श्रीकांत ने इसे अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धियों में शुमार किया। भारतीय टीम ने 14 बार की चैम्पियन इंडोनेशिया पर 3-0 की जीत से पहली बार थॉमस कप जीता जिसमें श्रीकांत ने अहम भूमिका अदा की क्योंकि उन्हें टूर्नामेंट में एक भी हार का सामना नहीं करना पड़ा।



श्रीकांत ने कहा कि व्यक्तिगत स्पर्धायें हमेशा टीम स्पर्धाओं से अलग होती है और हमें मुश्किल से ही टीम स्पर्धायें खेलने को मिलती हैं और थॉमस कप फाइनल्स बड़ा टीम टूर्नामेंट है। इसलिए इतना बड़ा टूर्नामेंट जीतना वास्तव में बड़ा क्षण है। ऐसा वास्तव में हो गया है, इससे महसूस करने में समय लगेगा। मैं इसे अपनी सबसे बड़ी जीत में से एक करार करूंगा और मैं खुश हूं कि प्रत्येक खिलाड़ी बहुत अच्छा खेला। मुझे नहीं लगता कि यह व्यक्तिगत जीत है, यह सभी 10 खिलाड़ियों की जीत है, जब भी जरूरत पड़ी, प्रत्येक ने योगदान दिया।

पिछले साल स्पेन में विश्व चैम्पियनशिप में रजत पदक जीतने वाले श्रीकांत ने कहा कि वह अपनी जीत की तुलना नहीं कर सकते लेकिन यह उनके करियर की बड़ी जीत में से एक थी। मैंने दिसंबर में भी विश्व चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था और यह एक अन्य टूर्नामेंट था जिसमें मैंने अच्छा किया। मैं अपनी इन जीत की तुलना नहीं कर सकता, मैं अपनी इन जीत को रैंक नहीं करना चाहता, ये सभी अहम हैं।

श्रीकांत ने कहा कि यह निश्चित रूप से बड़ी जीत से एक है, टूर्नामेंट के हिसाब से सर्वश्रेष्ठ और मेरे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में से एक। किसी भी बड़े टूर्नामेंट, चाहे राष्ट्रमंडल खेल हों, एशियाड, थॉमस और उबेर कप, विश्व चैम्पियनशिप, इन सभी में कोई पुरस्कार राशि नहीं होती। लेकिन जब आप इन टूर्नामेंट में जीतते हो तो ये देश के लिए होता है।

हमारे जीतने के बाद लोगों ने कहा कि भारत ने थॉमस कप जीता, यह श्रीकांत या प्रणय की जीत नहीं थी, इसलिये यह खुद में ही इतना विशेष अहसास है।

## बच्चे के जन्म के बाद भारत वापस लौटे हेटमायर, जल्द टीम से जुड़ेंगे

**मुम्बई ।** राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज शिमरन हेटमायर कैंप में वापसी कर चुके हैं और वह 20 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के आखिरी लीग मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह आठ मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के बाद अपने नवजात बच्चे को देखने गयाना चले गए थे। माना जा रहा है कि हेटमायर अभी क्वारंटीन में हैं और वह शुक्रवार के मैच से पहले दल से जुड़कर अभ्यास करने लगेंगे।

लखनऊ सुपर जायंट्स पर 24 रन की जीत के बाद राजस्थान प्लेऑफ में पहुंचने की सबसे बड़ी दावेदार बनकर उभरी है। इस जीत के बाद राजस्थान की टीम 13 मैचों में आठ जीत और 16 अंकों के साथ अंक तालिका में गुजरात टाइटंस के बाद दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। 8.5 करोड़ रुपये में खरीदे गए हेटमायर ने इस सीजन में अपनी टीम के लिए



फिनिशर की भूमिका को बखूबी निभाया है। बाएं हाथ के इस कैरेबियन बल्लेबाज ने 11 पारियों में सात बार नाबाद रहते हुए लगभग 72 के औसत से 291 रन बनाए हैं। डेथ ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट 214.27 है, जो कि इस सीजन में पांचवां सर्वाधिक है। उनके इस प्रदर्शन से ही उनको वेस्टइंडीज टीम के नीदरलैंड्स और पाकिस्तान के दौरे पर चुना जाना था, लेकिन उन्होंने अपने आपको बच्चे के जन्म के कारण अनुपलब्ध करार दिया। हालांकि वह आईपीएल के लिए वापसी कर रहे हैं।

## चहल ने हसरंगा के साथ पर्पल कैप के लिए प्रतिस्पर्धा से किया इनकार, कहा- वह भाई की तरह है

**मुम्बई ।** राजस्थान रॉयल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 24 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के प्लेऑफ में क्वालीफाई के लिए एक कदम और आगे बढ़ा लिया है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 178/6 का स्कोर किया और लखनऊ के बल्लेबाज आगे बढ़ने में असफल रहे और अंततः एक उचित अंतर से हार गए। मुकाबले के दौरान युजवेंद्र चहल ने आरसीबी के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ते हुए पर्पल कैप हासिल की।

चहल ने अपने टूर्नामेंट में 24 विकेट लिए, वहीं हसरंगा के नाम 23 विकेट्स हैं और दूसरे स्थान पर हैं। इस बीच राजस्थान के स्पिनर ने अपने और श्रीलंका के स्पिनर के बीच गेंदबाजी चार्ट में शिखर स्थान के लिए किसी भी प्रतियोगिता के लिए इनकार किया है। हसरंगा और कुलदीप यादव को अपना भाई बताते हुए चहल ने कहा कि वह अपने समकालीनों की सफलता से खुश हैं।



चहल ने मैच के बाद कहा कि वह (हसरंगा) जो कुछ भी कर रहा है, मैं उसके लिए खुश हूं क्योंकि वह मेरे भाई की तरह है। अगर वह विकेट लेता है, कुलदीप विकेट लेता है तो मैं उससे खुश हूं। इस बीच चहल ने खेल में दीपक हुड्डा का महत्वपूर्ण विकेट लिया जिसने प्रतियोगिता पर राजस्थान की पकड़ मजबूत कर दी। हालांकि वह वास्तव में अपने समग्र प्रदर्शन से खुश नहीं थे उसने अपने चार ओवरों में 42 रन दिए।

चहल ने कहा कि हमें उस जीत की जरूरत थी। शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए हमें यह मैच जीतना था। मैं खुद से थोड़ा निराश था लेकिन अगले मैच में जरूर वापसी करूंगा। जब हुड्डा इतनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेग साइड छोटी थी, मैं कोई जोखिम नहीं लेना चाहता था। मैंने कुछ उड़ती हुई गेंदें फेंकने की कोशिश की, उसने छक्के मारने की कोशिश की, मैं कोई अतिरिक्त रन नहीं देना चाहता था।

# विंबलडन से प्रतिबंधित होने के बाद मेदवेदेव की एटीपी टूर में वापसी

**जिनेवा।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने यूक्रेन से जुड़ी हाल की खबरों को 'बेहद परेशान करने वाला' बताया जिसके कारण विंबलडन के आयोजकों ने उन्हें और अन्य रूसी खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेलने से प्रतिबंधित कर दिया।

यूएस ओपन चैंपियन मेदवेदेव जिनेवा ओपन में बात कर रहे थे। वह हर्निया का ऑपरेशन करवाने के कारण पांच सप्ताह बाद एटीपी टूर में वापसी कर रहे हैं। मेदवेदेव से पूछा गया कि जब वह नहीं खेल रहे थे तो क्या रूस के यूक्रेन के हमले पर करीबी नजर रखे हुए थे, उन्होंने कहा, 'जो कुछ हो रहा है उस पर गौर करने के लिये मेरे पास कुछ समय था। हां, यह बहुत परेशान करने वाला है।'



मेदवेदेव ने इससे पहले फरवरी में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद कहा था कि वह शांति चाहते हैं। अधिकतर ओलंपिक खेलों ने रूसी टीम और खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से प्रतिबंधित कर रखा है, लेकिन टेनिस ने खिलाड़ियों को अपने देश के प्रतिनिध नहीं बल्कि व्यक्तिगत स्तर पर भाग लेने की अनुमति दे रखी है।

विंबलडन ने हालांकि तीन सप्ताह पहले ब्रिटिश सरकार के फैसले की तर्ज पर रूसी खिलाड़ियों को टूर्नामेंट में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया था। मेदवेदेव ने कहा कि यदि परिस्थितियां बदलती हैं तो वह 27 जून से शुरू होने वाले विंबलडन में खेलना चाहेंगे। उन्होंने कहा, 'यदि मैं खेल सकता हूं तो मुझे विंबलडन में खेलने में खुशी होगी। मुझे यह टूर्नामेंट पसंद है।'

## गोल्फर जीव ने प्रार्थना सभा में माता-पिता मिल्खा सिंह और निर्मल कौर को किया याद

**चंडीगढ़ ।** भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने रविवार को अपने माता-पिता, महान धावक मिल्खा सिंह और निर्मल कौर की अगले महीने उनकी पुण्यतिथि से पहले प्रार्थना सभा आयोजित की। मिल्खा और



वॉलीबॉल की पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी निर्मल कौर की पिछ्ले साल जून में कोविड-19 की जटिलताओं से मृत्यु हो गई थी। जीव उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हर कोई माता-पिता के बारे में वैसा ही महसूस करता है जैसा हम करते हैं। हम अब भी अपनी जिंदगी में खालीपन महसूस कर रहे हैं। मुझे विश्वास नहीं है कि वे अब हमारे साथ नहीं हैं।

# राजस्थान ने लखनऊ को 24 रन से हराया, प्लेऑफ की रेस हुई रोमांचक

**मुंबई।** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए रोमांचक मुकाबला राजस्थान ने जीत लिया। कप्तान संजू सैमसन के टॉस जीतने के बाद राजस्थान ने यशस्वी जायसवाल के 41, पड्डिकल के 39 रनों की बदौलत 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी लखनऊ को केवल दीपक हुड्डा (59) का ही सहारा मिला। लखनऊ ने यह मैच 24 रनों से गंवा दिया।



**राजस्थान रॉयल्स (पहली पारी)**- राजस्थान की शुरूआत खराब रही। इन फॉर्म बल्लेबाज जोस बटलर महज दो रन बनाकर आवेश खान की गेंद पर बोल्ड हो गए। हालांकि इसके बाद यशस्वी जायसवाल ने कप्तान संजू सैमसन के साथ मिलकर पारी को संभाला। सैमसन ने सधी हुई पारी खेली लेकिन नौवें ओवर में वह लय खो बैठे। स्कोर जब 75 रन था तब वह होल्डर को मारने के चक्कर में दीपक हुड्डा को कैच थमा बैठे। सैमसन ने 24 गेंदों में 32 रन बनाए। तेजी से रन बना रहे यशस्वी जायसवाल को आयुष बदोनी ने अपनी गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया। जायसवाल ने 29 गेंदों पर 9 चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए।

राजस्थान की पारी को संभालने में लगे देवदत्त पडिक्कल को रवि बिश्नोई ने अपना शिकार बनाया। पडिक्कल 18 गेंदों पर 5 चौके और 2 छक्के की मदद से 38 रन बनाकर आउट हुए।

लखनऊ के लिए एक बार फिर से रवि बिश्नोई अपना काम कर गए। 18वां ओवर फेंकने आए बिश्नोई ने पहले रियान पराग (17) को पवेलियन की राह दिखाई उसके बाद जेम्स नीशम को रन आऊट कर दिया।

**लखनऊ सुपरजायंट्स (दूसरी पारी)**

लखनऊ की शुरूआत अच्छी नहीं रही और ट्रेंट बोल्ट ने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट झटके। बोल्ट ने पहले डिकॉक को 7 रन पर आउट किया। फिर इसके बाद आयुष बदोनी को शून्य पर आउट कर चलता किया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने धीमी शुरूआत की लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर जायसवाल को कैच थमाने से पहले उन्होंने 19 गेंदों में महज 10 रन बनाए।

दीपक हुड्डा ने क्रुणाल पांड्या के साथ मिलकर स्कोर को आगे बढ़ाया। क्रुणाल अच्छे टच में थे लेकिन 14वें ओवर में लय खो बैठे। अश्विन की गेंद पर छक्का मारने के चक्कर में बाऊंड्री रोप पर लपके गए। दीपक हुड्डा ने शानदार अर्धशतक लगाया लेकिन जब वह युजी चहल को छक्का लगाने के लिए निकले तो उनसे गेंद छिटक गई।

विकेटकीपर संजू सैमसन ने उन्हें स्टंप आऊट कर दिया। दीपक ने 56 रन बनाए। अंत के ओवरों में स्टोइनिस ने अपने हाथ में गेम ली और कुछेक शॉट लगाए। साथ में मोहसिन खान भी थे लेकिन ज्यादा रनों का प्रैशर दोनों बल्लेबाज झेल नहीं पाए और लखनऊ ने यह मुकाबला गंवा दिया। स्टोयनिस 17 गेंदों पर 27 रन बनाकर आउट हुए।

## हार के बाद केएल राहुल का बयान आया सामने, कहा- हम पावरप्ले में ही हार गए

**मुंबई।** लखनऊ सुपर जायंट्स को राजस्थान रॉयल्स के हाथों का हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करने के लिए राजस्थान ने 6 विकेट के नुकसान पर 178 रन बना दिए। जवाब में लखनऊ की बल्लेबाजी डगमगा गई और 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 158 रन ही बना पाई और 24 रन से मैच हार गई। इस हार के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर आ गई है।

हार के बाद केएल राहुल ने कहा कि मुझे लगता था कि हम इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। हमने अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें इस स्कोर पर रोका। हमने खुद पर भरोसा जताया पर हम अपने प्लान पर अमल नहीं कर पाए। एक बार फिर बल्लेबाज ने एक साथ प्रदर्शन नहीं किया। हमें इस पर काम करना होगा। पुणे की पिच इससे ज्यादा सख्त थी।



**हार के बाद केएल राहुल ने कहा कि मुझे लगता था कि हम इस लक्ष्य को हासिल कर लेंगे। हमने अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें इस स्कोर पर रोका।**

राहुल ने आगे कहा कि जब आप जल्दी विकेट गंवा देते हैं तो आप पर दबाव बन जाता है। एक बल्लेबाजी यूनिट होने के तहत हमने पिछ्ले 3-4 मैच पावरप्ले में ही गंवा दिए। हमें बढ़िया गेंदबाजों के खिलाफ अच्छी शुरूआत देने की कोशिश करनी होगी। मुझे नहीं लगता कि हम कुछ अलग करेंगे। हमें सिर्फ अपने प्लान पर अमल करना है बस। हमारी बल्लेबाजी लाइन में ताकत है। इसलिए जब गेंदबाज अच्छे स्पैल कर रहे हों तो समझदारी से खेलने की जरूरत है।

# एंजेलो मैथ्यूज का 12वां टेस्ट शतक, श्रीलंका 258/4

**चटगांव (बांग्लादेश) ।** पूर्व कप्तान एंजेलो मैथ्यूज के करियर की 12वीं शतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के शुरुआती दिन रविवार को 4 विकेट पर 258 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होते समय मैथ्यूज 114 और अनुभवी दिनेश चांदीमल 34 रन बनाकर खेल रहे थे। कुशल मेंडिस ने भी 54 रन की पारी खेलने के साथ तीसरे विकेट के लिए मैथ्यू के साथ 92 रन की साझेदारी की। श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन वह ऑफ स्पिनर नईम हसन के खिलाफ संघर्ष करते दिखे। पिछले साल फरवरी के बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे नईम ने अंततः करुणारत्ने को नौ रन के निजी स्कोर पर पगबाधा आऊट करके बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। दूसरे छोर से ओशादा फर्नांडो (36) ने नियमित अंतराल पर बाउंड्री लगाई। उन्होंने लॉन्ग ऑन पर छक्का भी जड़ा लेकिन लंच से ठीक पहले नईम की गेंद पर पगबाधा हो गए। उन्होंने डीआरएस का सहारा भी लिया लेकिन तीसरे अंपायर का फैसला भी गेंदबाज के पक्ष में गया। इसके बाद मेंडिस और मैथ्यूज ने शानदार साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इस दौरान मेंडिस ने ताइजुल इस्लाम (73 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन लेकर 93 गेंद पर अपना 13 अर्धशतक पूरा किया। इसके कुछ समय के बाद मैथ्यूज ने भी 111 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। दिन के आखिरी सत्र की पहली गेंद पर ताइजुल ने मेंडिस को चलता किया। अनुभवी शाकिब अल हसन ने धनंजय डि सिल्वा (छह रन) को शाकिब अल हसन (27 रन पर एक विकेट) को पवेलियन की राह दिखाई।

## चीन की उइगर काउंटी में हर 25 में से एक व्यक्ति आतंकवाद के आरोपों में जेल में बंद

**बीजिंग:** चीन के मुस्लिम बहुल उइगर क्षेत्र की एक काउंटी में हर 25 में से एक व्यक्ति को आतंकवाद से संबंधित आरोपों में जेल की सजा सुनाई गई है। एक विश्लेषण के मुताबिक, यह दुनिया के



किसी भी इलाके में लोगों को जेल की सजा होने की सर्वाधिक दर है। 'एसोसिएटेड प्रेस' ने लीक हुए आंकड़ों के विश्लेषण में महज कोनाशेहर काउंटी में ही जेल भेजे गए 10,000 से अधिक उइगरों के नाम दिए हैं। यह दक्षिण शिनजियांग प्रांत की दर्जनों काउंटी में से एक है। हाल के वर्षों में चीन ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर क्रूर कार्रवाई की है, जिसे वह आतंकवाद के खिलाफ युद्ध बताता है।

चीनी अधिकारियों ने बढ़ते अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच 2019 में अल्पकालिक, न्यायेत्तर नजरबंदी शिविर बंद करने की घोषणा की थी, जहां उइगरों को बिना किसी आरोप के बंद रखा जाता था। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि हजारों उइगर अब भी आतंकवाद के झूठे आरोपों को लेकर सलाखों के पीछे कैद हैं। उइगर किसान रोजीकारी तोहाती को बेहद मृदु-भाषी और परिवार से प्यार करने वाले व्यक्ति के तौर पर जाना जाता है। तीन बच्चों के पिता तोहाती की धर्म में कोई खास दिलचस्पी नहीं रही है। इसलिए उनके रिश्तेदार मिहरिगुल मुसा को यह जानकर बहुत हैरानी हुई कि तोहाती ''धार्मिक चरमपंथ' के आरोप में पांच साल से जेल में बंद हैं।

## रूसी राष्ट्रपति गंभीर बीमारी से पीड़ित, करीबी का दावा- 'यूक्रेन में तबाही मचा रहे पुतिन कम वक्त के मेहमान' !

**मास्को।** यूक्रेन जंग के लिए दुनिया भर में आलोचनाओं से घिरे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। एक खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पुतिन बेहद गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति के एक करीबी अमीर कारोबारी के मुताबिक पुतिन को ब्लड कैंसर है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि उनका कैंसर किस स्टेज और किस टाइप का है। यह दावा एक ऑडियो टेप के हवाले से किया गया है। इसमें कहा गया है कि पुतिन बस कुछ देर के मेहमान हैं। यह पहली बार नहीं है जब पुतिन के गंभीर तौर पर बीमार होने की खबरें सामने आई हैं। इसके पहले कहा गया था कि उनको पार्किंसन जैसी कोई बीमारी है। रूसी सरकार ने अब तक इन तमाम दावों को अफवाह करार दिया है।

बिजनेस मैगजीन 'न्यूज लाइन' ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि मैगजीन ने पुतिन के करीबी एक रूसी अरबपति और एक पश्चिमी कारोबारी की बातचीत रिकॉर्ड की है। रूसी कारोबारी कहता है कि पुतिन गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्होंने अपनी जिद के चलते रूस, यूक्रेन और कई दूसरे देशों की इकोनॉमी तबाह कर दी है। सच तो यह है कि पुतिन की वजह से दुनिया को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि मॉस्को के सेंट्रल क्लिनिकल अस्पताल के सर्जन येवगेनी सेलिवानोव काला सागर तट पर स्थित पुतिन के महल में उनसे मिलने के लिए 35 बार जा चुके हैं। सेलिवानोव थायरॉयड कैंसर के विशेषज्ञ हैं। इस टेप में रूसी अरबपति दावा करता है कि जंग में 15 हजार रूसी सैनिक मारे जा चुके हैं। उसके मुताबिक, पुतिन बीमारी से जंग नहीं जीत पाएंगे और अगर जीत भी गए तो शायद उन्हें किसी तख्तापलट का शिकार होना पड़े। इस टेप में रूसी कारोबारी की आवाज की पहचान का दावा तो किया गया है, लेकिन उसका नाम बताने से परहेज किया गया है। टेप में 11 मिनट की बातचीत है।

## हसन शेख महमूद बने सोमालिया के नए राष्ट्रपति

**मोगादिशू।** सोमालिया में हसन शेख महमूद ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत एक बार फिर सत्ता में वापसी कर ली है। देर रात तीसरे दौर के मतदान में महमूद ने राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल्लाही फरमाजो को मात दी। महमूद इससे पहले 2012 से 2017 के बीच सोमालिया के राष्ट्रपति रह चुके हैं। राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में 36 उम्मीदवार थे, जिनमें से चार दूसरे दौर में पहुंचे। 328 मतों में से किसी भी उम्मीदवार को जीत के लिए जरूरी कम से कम दो-तिहाई मत न मिलने के कारण तीसरे दौर का मतदान कराना पड़ा। तीसरे दौर के मतदान में बहुमत हासिल करने वाले को विजेता घोषित किया जाता है। ऊपरी और निचले विधायी सदन के सदस्यों ने हालने सैन्य शिविर में एक हवाईअड्डे में गुप्त मतदान किया।

# भीषण गर्मी के बीच सिंध प्रांत में पानी के लिए हाहाकार, आपदा जैसे हालात पैदा हुए

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी के बीच पानी को लेकर हाहाकार मच गया है। सिंध में आपदा जैसे हालात पैदा हो गए हैं। प्रचंड गर्मी ने कई लोगों की जान ले ली है।

पाकिस्तान में चिलचिलाती गर्मी के बीच पानी के बंटवारे को लेकर अंतर-प्रांतीय विवाद भी बढ़ गए हैं। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' के अनुसार सिंध चैंबर ऑफ एग्रीकल्चर (एससीए) ने पाकिस्तान सरकार से सिंध प्रांत को 'आपदा प्रभावित' घोषित करने की मांग की है। उन्होंने सिंध में पानी की भारी कमी पर चिंता व्यक्त की है।

**किसानों के कर्ज माफ करने की मांग**

रविवार को एससीए की एक बैठक में मांग की गई कि 16 एकड़ तक के छोटे किसानों के कर्ज माफ किए जाएं। उन्होंने पानी के प्रवाह में कमी की भी जांच की मांग की। सिंध के कार्यकर्ताओं ने रविवार को स्थानीय प्रेस क्लब के बाहर पानी की निरंतर कमी के विरोध में प्रदर्शन किया।

उधर, सिंध यूनाइटेड पार्टी (एसयूपी) के नेता रोशन अली बुरिरो ने कहा कि पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) अब संघीय सरकार में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है, फिर भी पंजाब से सिंध का पानी नहीं मिल पा रहा है। एसयूपी नेता के अनुसार सिंधु नदी के



पानी और सिंध के हिस्से के पानी की लूट चश्मा-झेलम लिंक नहर और थाल नहर के माध्यम से की जा रही थी, लेकिन पीपीपी सरकार इस पर आपराधिक रूप से मौन थी। बुरिरो ने दावा किया कि सिंध में खेती व पीने के पानी की किल्लत के लिए पीपीपी सरकार जिम्मेदार है। आम लोगों को जहां बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं धनी जमींदार अवैध तरीकों से नहरों से पानी पा रहे हैं। पीपीपी के राजनीतिक विरोधी व किसान पानी से वंचित रखे जा रहे हैं।

**70 फीसदी छोटे शहरों व कस्बों में जलसंकट**

उन्होंने कहा कि सिंध के 70 फीसदी छोटे शहर व कस्बे पानी के लिए इंतजार कर रहे हैं। सिंध में पीपीपी 30 साल से सत्ता में है, इसके बाद भी वह प्रांतवासियों को पानी मुहैया नहीं करा पा रही है।

## चीन के प्रशिक्षकों ने छोड़ा कराची का कन्फ्यूशियस इंस्टीट्यूट

**बीजिंग।** चीन ने पाकिस्तान के कराची विश्वविद्यालय के कन्फ्यूशियस संस्थान में मंदारिन पढ़ाने वाले प्रशिक्षकों को वापस बुला लिया है। चीन ने यह कदम कराची विस्फोट के हफ्तों बाद उठाया है। कराची यूनिवर्सिटी में हुए धमाके में तीन चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी।

2013 में कराची विश्वविद्यालय में कन्फ्यूशियस संस्थान को चीन के सिचुआन नॉर्मल यूनिवर्सिटी के साथ संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था। संस्थान का उद्देश्य चीन की प्रमुख भाषा मंदारिन सिखाना और चीन और पाकिस्तान के बीच लोगों के बीच व्यक्तिगत संपर्क व आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है। चीनी प्रशिक्षकों की स्वदेश वापसी 26 अप्रैल को कन्फ्यूशियस संस्थान के बाहर कराची विश्वविद्यालय में चीनी नागरिकों को निशाना बनाकर किए गए आत्मघाती हमले के मद्देनजर हुई है। आत्मघाती हमले में तीन चीनी नागरिकों समेत चार लोगों की मौत हो गई थी।




**सभी संस्थानों के प्रशिक्षकों को वापस बुलाया**

जियो न्यूज के अनुसार चीन ने सिर्फ कराची विश्वविद्यालय ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान के विभिन्न कन्फ्यूशियस संस्थानों के प्रशिक्षकों को वापस बुला लिया है। विभाग के निदेशक डॉ. नसीरुद्दीन ने कहा कि संस्थान को बंद नहीं किया जाएगा, उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी शिक्षकों को मंदारिन पढ़ाने में मदद करने के लिए कहा जा रहा है।

**पाकिस्तान में सुरक्षा को लेकर चीन का विश्वास डिगा**

बता दें, पिछले महीने कराची में एक मिनीबस पर हमले के बाद देश में चीनी कामगारों की रक्षा करने की पाकिस्तान की क्षमता पर चीन का विश्वास गंभीर रूप से डिगा है। पाकिस्तानी सीनेट की रक्षा समिति के अध्यक्ष मुशाहिद हुसैन ने डॉन को बताया कि पाकिस्तान की सुरक्षा प्रणाली में अपने नागरिकों और उनकी परियोजनाओं की रक्षा करने की क्षमता को लेकर चीनी विश्वास गंभीर को आघात लगा है। इससे चीन में गंभीर चिंता और आक्रोश पैदा हुआ है। सुरक्षा मुहैया कराने के पाकिस्तान के वादे जमीनी हकीकत से दूर हैं। अगर इस तरह के हमले जारी रहते हैं, तो न केवल चीनी बल्कि अन्य विदेशी निवेशक भी पाकिस्तान में अपनी भूमिका की समीक्षा के लिए मजबूर होंगे।

## उत्तरी वजीरिस्तान में आत्मघाती हमला, तीन बच्चों समेत छह लोगों की मौत



**वजीरिस्तान:** अफगानिस्तान की सीमा से लगे पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आत्मघाती हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि इस हमले में तीन बच्चों की मौत हो गई और पाकिस्तानी फौज के तीन सैनिक मारे गए। पाकिस्तानी सेना ने रविवार को यह जानकारी दी।

सेना की मीडिया इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने मामले में बयान जारी किया। आईएसपीआर के मुताबिक, घटना यहां से 250 किलोमीटर दूर मीरन शाह शहर में हुई। हमले में मरने वाले बच्चों की उम्र चार से 11 साल के बीच है।

**तीन सैनिकों की भी मौत**

बयान में बताया गया कि हमले में तीन सैनिकों की भी मौत हो गई। आईएसपीआर ने कहा कि खुफिया एजेंसियां आत्मघाती हमलवार और उसके आकाओं का पता लगाने के लिए जांच कर रही हैं।

**पीएम समेत कई नेताओं ने की निंदा**

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने आत्मघाती हमले की निंदा की है और लोगों के मारे जाने पर दुख जताया है। उन्होंने एक बयान जारी कर बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना जाहिर की। सूचना मंत्री मरियम औरंगजेब और विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी हमले की निंदा की है।

## टेक्सास के भरे बाजार और कैलिफोर्निया के चर्च में गोलीबारी, तीन की मौत, कई घायल

**टेक्सास।** अमेरिका में गोलीबारी की दो घटनाएं हुईं। टेक्सास की हैरिस काउंटी के बाजार व कैलिफोर्निया के चर्च में गोलीबारी की गई। हैरिस काउंटी में दो लोग मारे गए व कई अन्य घायल हो गए, जबकि कैलिफोर्निया में हुई फायरिंग में एक की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। इन्हें मिलाकर अमेरिका में दो दिन में गोलीबारी की तीन घटनाएं हो चुकी हैं।

हैरिस काउंटी के शेरिफ एड गोंजालेज के अनुसार गोलीबार 8729 एयरलाइन ड्राइव पर स्थित एक बाजार में की गई। पुलिस व सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई है। हैरिस काउंटी शेरिफ कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार घटना के वक्त हजारों लोग बाजार में थे। इसी दौरान जब लोगों के दो समूहों ने एक-दूसरे पर गोलीबारी शुरू कर दी।

उधर, कैलिफोर्निया प्रांत के एक चर्च में हुई फायरिंग की




घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। ऑरेंज काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार यह घटना रविवार दोपहर ऑरेंज काउंटी में लगुना वुड्स शहर में एल टोरो रोड के प्रेस्बिटेरियन चर्च में हुई।

**न्यूयॉर्क के बाजार में हुई थी गोलीबारी**

अमेरिका में आए दिन गोलीबारी की घटनाएं होती रहती हैं। एक दिन पूर्व यानी शनिवार को ही न्यूयॉर्क के टॉप्स फ्रेंडली मार्केट में गोलीबारी मे 10 लोगों की मौत हो गई थी। बफेलो सुपर मार्केट में हुई इस गोलीबारी को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि देश में 'नफरत से उपजा घरेलू आतंकवाद खत्म होना चाहिए'।

**बाइडन बोले घरेलू आतंकी कृत्य अमेरिकी मूल्यों के लिए विपरीत**

एक बयान में बाइडन ने कहा कि इस तरह के घरेलू आतंकी कृत्य अमेरिकी मूल्यों के लिए विपरीत हैं। इसमें एक नफरत भरी श्वेत राष्ट्रवादी विचारधारा के नाम पर किए गए कृत्य शामिल हैं। यह अमेरिका में हम जिस चीज के लिए खड़े हैं, उसके विपरीत है। नफरत का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। नफरत फैलाने वाले घरेलू आतंकवाद के खात्म के लिए हमें सब कुछ करना चाहिए।

## पाकिस्तान फिर शर्मशार, इटली में महिला यौन शोषण मामले में पाक का सीनियर राजदूत बर्खास्त

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजनीतिक और आर्थिक संकट की वजह से खूब फजीहत हो रही है । लेकिन इस बार पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फिर बेइज्जत हुआ है। दरअसल इटली में पाकिस्तान के हेड ऑफ द मिशन नदीम रियाज को एंबेसी में ही तैनात एक महिलाकर्मी के यौन शोषण के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। इस केस की जांच इटली और पाकिस्तान में की गई थी।अभी पाकिस्तान सरकार ने इस केस में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आरोप लगाने वाली महिला मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स में ग्रेड 20 की अफसर है। वह चार साल पहले रोम एम्बेसी में तैनात थी। तब आरोपी रियाज रोम एंबेसी में हेड थे।2018 में लगाए गए आरोपों में महिला ने कहा था कि नदीम रियाज ने एंबेसी में उनका यौन शोषण किया है।. रियाज अपने साथ दूसरे देशों के दौरे पर चलने और अपने घर के बगल में ही रहने का दबाव बनाते थे और गलत भाषा में बात करते थे। दोष साबित होने पर आरोपी नदीम रियाज को नौकरी जाने के साथ पाकिस्तान 50 लाख रुपए का जुर्माना लगेगा, जो उन्हें हर्जाने के रूप में पीड़िता को देना होगा।

# इजियम में यूक्रेनी सेना का जबरदस्त हमला, रूसी सेना को पीछे धकेला

**कीव:** रूसी सेना के कब्जे वाले यूक्रेन के पूर्वी इलाके में इजियम कस्बे पर यूक्रेनी बलों ने जबरदस्त हमला किया है। स्थानीय गवर्नर ओलेह

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
211019 से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बंधित विवादों का न्याय क्षेत्र कौशाम्बी, प्रयागराज होगा।

रूसी सेना को यूक्रेन से कड़ी चुनौती मिल रही है। इजियम और सहित सैन्य स्थलों की एक शृंखला पर हमला किया गया।



खारकीव में यूक्रेनी सेना के हमलों की वजह से रूसी सेना दोनबास की घेराबंदी में कामयाब नहीं हो पा रही है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि दोनबास इसमें 100 यूक्रेनी सैनिक मारे गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि डोनबास में रूस के सैनिक मुश्किल में हैं।

**यूरोप-अमेरिका बढ़ा रहे हौसला**

अमेरिका और यूरोप रूसी हमले के खिलाफ लगातार यूक्रेन की हौसलाफजाई कर रहे हैं। अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर मैक कोनेल जेलेस्की से मिले और यूक्रेन को मिलने वाली मदद पर चर्चा की।

**यूरोविजन म्यूजिक जीत मोर्चे पर रवाना**

इटली में हुई यूरोविजन म्यूजिक प्रतियोगिता में यूक्रेन के रैप बैंड कलुश ने जीत दर्ज की। इसके बाद बैंड के सदस्य रूसी सेना से लड़ने के लिए मोर्चे पर रवाना हो गए। यूक्रेनी बैंड का यूरोविजन जीतना संकेत है कि पूरे यूरोप में रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन को जनसमर्थन मिल रहा है। जूरी वोटिंग से यूक्रेनी बैंड चौथे स्थान पर था, लेकिन दर्शकों के समर्थन से बैंड ने प्रतियोगिता जीती।

**रूस बोला चीन-भारत का सहारा**

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि पश्चिम ने रूस के खिलाफ सैन्य और आर्थिक युद्ध छेड़ रखा है। पश्चिम के छिपकर किए जा रहे परोक्ष युद्ध और हाइब्रिड हमलों का रूस चीन और भारत जैसे मजबूत साथियों के सहारे मुकाबला करेगा।

**फिनलैंड के पीएम ने पुतिन को किया फोन**

प्रधानमंत्री सौली निनिस्टो ने फिनलैंड के नाटो में शामिल होने के फैसले पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन को फोन किया। पुतिन ने फिनलैंड को रूस से किसी तरह का खतरा न होने की बात कही।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन के बीमार होने का दावा

**लंदन।** पूर्व ब्रिटिश जासूस क्रिस्टोफर स्टील के हवाले से दावा किया गया है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन गंभीर रूप से बीमार हैं। डोनाल्ड ट्रम्प पर डोजियर लिख चुके क्रिस्टोफर 2016 के अमेरिकी चुनाव अभियान में रूसी हस्तक्षेप का आरोप लगा चुके हैं। उन्होंने स्काई न्यूज को बताया है कि रूस और अन्य जगहों के स्रोतों से आने वाली सूचनाओं से यह लगता है कि पुतिन वास्तव में गंभीर रूप से बीमार हैं। रूस के राष्ट्रपति के स्वास्थ्य पर अफवाहों का दौर पिछले हफ्ते 9 मई को रूस के विजय दिवस पर शुरू हुआ है। कहा जा रहा है कि इस दौरान पुतिन बेहद कमजोर दिखे। परेड का निरीक्षण करते समय वह चटख हरे रंग का कपड़ा पैरों पर डाले थे। इस समारोह में वह द्वितीय विश्वयुद्ध के योद्धाओं के साथ काले बॉम्बर जैकेट में बैठे नजर आए। वहां उन्हें खांसते देखा गया।

## गोतबाया का इस्तीफा मांगने वालों को पीएम विक्रमसिंघे का समर्थन, लिट्टे के हमला करने की आशंका

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों को नवनियुक्त प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे का समर्थन मिला है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि खराब आर्थिक हालात के लिए राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे और उनके बड़े भाई पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे की खराब नीतियां और भ्रष्टाचार जिम्मेदार हैं।

पीएम विक्रमसिंघे ने कहा कि गाले फेस ग्रीन समुद्र तट पर नौ अप्रैल से राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों के हितों को ध्यान में रखकर एक समिति बनाई गई है। विक्रमसिंघे ने कहा, प्रदर्शनकारयों की सुरक्षा का बंदोबस्त किया गया है। देश को दिशा देने में उनकी राय को खास जगह दी जाएगी। राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग को लेकर जारी 'गोता गो होम' प्रदर्शन का समर्थन करते हुए पीएम ने कहा कि देश के राजनीतिक तंत्र में जरूरी बदलाव के लिए इस तरह के प्रदर्शनों का अंजाम तक पहुंचना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही यह प्रदर्शन देश के लिए युवा नेतृत्व के उभरने का संकेत भी हैं।

विक्रमसिंघे को बीते सप्ताह महिंदा राजपक्षे के इस्तीफे के बाद राष्ट्रपति गोतबाया ने प्रधानमंत्री नियुक्त किया था। वह अपनी यूनाइटेड नेशनल पार्टी के अकेले सांसद हैं। महिंदा राजपक्षे ने प्रदर्शनकारियों और उनके समर्थकों के बीच हिंसक झड़प के बाद इस्तीफा दिया। इस झड़प में सत्ताधारी पार्टी के एक सांसद



सहित नौ लोगों की मौत हो गई थी, जबकि प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के घर में आग लगा दी थी। इसके बाद महिंदा राजपक्षे नौसेना के एक बेस पर चले गए। रानिल विक्रमसिंघे को राजपक्षे भाइयों की श्रीलंका पोदुजना पेरामुना पार्टी (एसएलपीपी) के साथ ही कई विपक्षी दलों का समर्थन मिला है। हालांकि, विपक्षी दलों का कहना है कि वे विक्रमसिंघे की सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन इस मुश्किल से देश को निकालने के प्रयासों में उनकी मदद करेंगे।

**प्रदर्शनकारियों के गुस्से से डरे सांसद छिपे**

विक्रमसिंघे मंत्रिमंडल बना रहे हैं। रविवार को उन्होंने चार कैबिनेट मंत्री चुने। एक सांसद की मौत और 78 सांसदों के घरों पर हमले के बाद से ज्यादातर सांसद डरे हुए हैं और सुरक्षित ठिकानों पर छिपे हैं। ये संसद सरकार की ओर से बुलाई गई बैठकों में शामिल होने से भी कतरा रहे हैं। इसी वजह से विक्रमसिंघे को मंत्रिमंडल बनाने में मुश्किल हो रही है। बुद्ध पूर्णिमा से ठीक पहले वेसाक पोया दिवस पर राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे ने सभी सांसदों से मौजूदा हालात के बारे में गंभीरता से विचार कर साथ में काम करने की अपील करते हुए कहा कि मुश्किल हालात का सामना करने के लिए लचीलापन जरूरी है। देश को मुश्किल हालात से निकालने के लिए जनप्रतिनिधियों को लचीला रुख अपनाकर सरकार की मदद करनी चाहिए।